हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
प्रिय पाठकों को मकर संक्रांति की मीठी-मीठी बधाई!
BCN GROUP
RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023
नागपुर, मंगलवार, 14 जनवरी 2025
अंक 93/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



# सरकार की किसानों को बजट में बड़ी राहत देने की तैयारी

**नई दिल्ली.**

केंद्र सरकार 1 फरवरी को केंद्रीय बजट 2025-26 संसद में पेश करने की तैयारी कर रही है। इस बजट में सरकार किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आ सकती है। सरकार आगामी बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए तक करने की योजना बना रही है। जानकारों का कहना है कि, किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट में आखिरी बार बदलाव काफी समय पहले हुआ था। इसके बाद से ही सरकार को इसे बढ़ाने की लगातार मांगें मिल रही थी।



## > क्रेडिट कार्ड पर 5 लाख के उधार की उम्मीद

### कई साल से नहीं बढ़ी केसीसी पर उधारी की सीमा

कृषि क्षेत्र से जुड़े जानकारों का कहना है कि,इन दिनों खेती की लागत बहुत बढ़ी है मगर किसान क्रेडिट कार्ड पर उधारी की सीमा कई साल से बढ़ाई नहीं गई। अगर सरकार ये दायरा में इजाफा करती है तो कृषि क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कृषि आय बढ़ाने में मदद भी होगी। सरकार के इस कदम से किसानों की जीवनशैली में ही सुधार नहीं होगा, बल्कि बैंकिंग प्रणाली का जोखिम भी घटेगा क्योंकि किसान समय पर कर्ज चुका देंगे।

दरअसल, किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत 1998 में की गई थी। इसके तहत खेती और उससे जुड़ी गतिविधियों में लगे किसानों को 9 फीसदी ब्याज दर पर अल्पकालीन फसल ऋण दिया जाता है। सरकार किसानों को ब्याज पर 2 फीसदी छूट देती है और समय से अदायगी करने वाले किसानों के ब्याज में बतौर प्रोत्साहन 3 फीसदी कमी और कर दी जाती है। इस तरह किसानों को सालाना 4 फीसदी दर पर कर्ज मिल जाता है। इस योजना के तहत सक्रिय क्रेडिट कार्ड खातों की संख्या 30 जून, 2023 तक 7.4 करोड़ से अधिक थी और उन पर 8.9 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बकाया था।

# कठोर और सख्त रणनीति अपनाने की जरूरत: शाह

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए सभी राज्यों को क्रूर दृष्टिकोण यानी कठोर और सख्त रणनीति अपनाने की जरूरत है ताकि इस समस्या को जड़ से खत्म किया जा सके।

देशभर में अवैध क्लैन्डेस्टिन लैब्स की समस्या तेजी से बढ़ रही है। यह लैब्स नशीले पदार्थ, नकली दवाओं और खतरनाक केमिकल्स के उत्पादन में संलिप्त होती हैं। जिनका संचालन अक्सर बड़े संगठित अपराध नेटवर्क द्वारा किया जाता है,जो न केवल समाज को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। इस समस्या को समझते हुए मोदी सरकार ने वर्ष 2019 से नशे के खिलाफ अपना दृष्टिकोण बदल दिया है। ड्रग सप्लाई चेन के खिलाफ निर्मम दृष्टिकोण, मांग में कमी के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण और पीड़ितों के लिए मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने पर निरंतर काम किया जा रहा है। पीआईटी-एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट में अवैध तस्करी की रोकथाम) के उपयोग को बढ़ाने की जरूरत है। ऐसे में सभी राज्यों की




सरकार को जरूरत है कि वह केवल केंद्र पर निर्भर न रहे बल्कि फोरेंसिक लैब की क्षमता बढ़ाने के लिए सक्रिय कदम उठाएं। सभी राज्यों को अपने कानूनी और खुफिया तंत्र को मजबूत करते हुए एक ठोस रणनीति बनानी होगी। इन लैब्स को खत्म करना न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरूरी है, बल्कि समाज की सुरक्षा और देश की प्रगति के लिए भी आवश्यक है।

# बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स फंड और ईटीएफ फंड लॉन्च

**मुंबई.**

डीएसपी म्यूचुअल फंड ने दो नए फंड, डीएसपी बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स फंड और डीएसपी बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 ईटीएफ लॉन्च करने की घोषणा की है। ये योजनाएं, जो बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स को ट्रैक करती हैं, ओपन-एंडेड श्रेणी से संबंधित हैं। इस योजना का लक्ष्य निवेशकों को नेक्स्ट 30 सूचकांक में 30 सबसे बड़ी कंपनियों में निवेश करने का अवसर प्रदान करना है, और यह सूंचकांक बीएसई सेंसेक्स सूचकांक के बाद का महत्वपूर्ण सूचकांक माना जाता है। ये कंपनियां विकास के अगले चरण के लिए तैयार हैं और आने वाले वर्षों में अग्रणी उभरती कंपनियों में शामील रहने की उम्मीद है। बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स में वे कंपनियां शामिल हैं जो बीएसई सेंसेक्स का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन बाजार पूंजीकरण और भविष्य की विकास क्षमता में महत्वपूर्ण ताकत दिखाती हैं। यह सूचकांक मिड-कैप कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करके खुद को लार्ज कैप जगत से अलग करता है।

31 दिसंबर 2024 तक बीएसई सेंसेक्स नेक्स 30 इंडेक्स ने पिछले दस वर्षों में सालाना 14.4 फीसदी का रिटर्न दिया है। रिटर्न के मामले में, इन सूचकांकों ने पिछले दस वर्षों में सात बार बीएसई सेंसेक्स सूचकांक से बेहतर प्रदर्शन किया है। नए फंड के लॉन्च पर बोलते हुए, डीएसपी एसेट मैनेजर्स के पैसिव इन्वेस्टमेंट्स और प्रोडक्ट्स विभाग के प्रमुख और सीएफए अनिल घेलानी ने कहा, "वर्तमान में, लार्ज कैप इक्विटी सेगमेंट जोखिम के सापेक्ष रिटर्न के मामले में सही स्तर पर आगे बढ़ रहा है। हमारे

## > लार्ज कैप क्षेत्र पर अलग से फोकस करने का मौका




नए फंड एक ही सेगमेंट में एक अलग समूह में निवेश करने का अवसर प्रदान करते हैं। डीएसपी बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स फंड और डीएसपी बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 ईटीएफ यह दो नए फंड (एनएफओ) 10 जनवरी से 24 जनवरी 2025 तक निवेश के लिए खुले रहेंगे। निवेशक इस फंड में एकमुश्त निवेश कर सकते हैं या अपने वित्तीय लक्ष्यों के अनुसार नियमित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।

# फिर बढ़ गए सोने के दाम

## > अब 10 ग्राम पर खर्च करने होंगे इतने रुपये

**नई दिल्ली.**

सोने की कीमत आज कोलकाता, मुंबई और चेन्नई से अधिक रही. दिल्ली में जहां 24 कैरेट सोने के 10 ग्राम की कीमत 79,823 रुपये थी, वहीं चेन्नई में यह 79,661 रुपये का 10 ग्राम था. मुंबई में यह 79,667 रुपये का 10 ग्राम और कोलकाता में यह 79,665 रुपये का 10 ग्राम था. रविवार को सोने की कीमत बढ़ गई थी. इसमें प्रति 10 ग्राम में 170 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई थी. इसी तरह 22 कैरेट गोल्ड के 10 ग्राम का रेट रविवार को 73,173 रुपये प्रति 10 ग्राम था. इसके मूल्य में एक दिन में 160 रुपये की वृद्धि हुई थी.



दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का रेट हफ्ते भर में 950 रुपये ऊपर भागा है. 6 जनवरी को यह मात्र 78,873 रुपये प्रति 10 ग्राम था. 11 जनवरी को यह 79,383 रुपये प्रति 10 ग्राम था. सिल्वर का रेट भी दिल्ली में हफ्ते भर में 1100 रुपये प्रति किलो चढ़ गया है. दिल्ली में छह जनवरी को सिल्वर का रेट 94,500 रुपये प्रति किलो था. मुंबई में गोल्ड के रेट में हफ्ते भर में 940 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है. छह जनवरी को मुंबई में 24 कैरेट गोल्ड का रेट प्रति 10 ग्राम केवल 78,727 रुपये थी. 11 जनवरी को मुंबई में गोल्ड की रेट 79,237 रुपये प्रति 10 ग्राम थी. कोलकाता में भी गोल्ड के रेट में हफ्ते भर में 940 रुपये का इजाफा हुआ है. छह जनवरी को यहां 24 कैरेट गोल्ड का रेट 78,725 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जो 11 जनवरी को 79,235 रुपये प्रति 10 ग्राम था. चेन्नई में भी गोल्ड का रेट 940 रुपये बढ़ा है. यहां छह जनवरी को रेट 78,721 रुपये प्रति 10 ग्राम था.

# लक्ष्मी डेंटल का आईपीओ ओपन

**नई दिल्ली.**

लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड का आईपीओ निवेशकों के लिए ओपन हो गया है। निवेशक इस इश्यू के लिए बुधवार, 15 जनवरी तक बिडिंग कर सकेंगे। 20 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल ₹698.06 करोड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी के मौजूदा निवेशक ₹560.06 करोड़ के 1,30,85,467 शेयर बेच रहे हैं। इसके साथ ही कंपनी ₹138 करोड़ के 32,24,299 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है।लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड ने आईपीओ का प्राइस बैंड ₹407-₹428 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 33 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड ₹428 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए ₹14,124 इन्वेस्ट करने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 14 लॉट यानी 462 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 1,97,736 इन्वेस्ट करने होंगे। कंपनी ने आईपीओ का 75 फीसदी हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व रखा है।

# बैंकों के पास तरलता की दिक्कत लगातार बढ़ रही

**नई दिल्ली.**

बैंकों के पास तरलता की दिक्कत लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कुछ बाजार सहभागियों ने आरबीआई से प्रणाली में तरलता बढ़ाने की मांग की है, ताकि बैंक आसानी से उधार दे सकें। सहभागियों के समूह ने बृहस्पतिवार देर रात केंद्रीय बैंक के अधिकारियों से मिलकर इससे निपटने के उपाय भी सुझाए। बैंकिंग प्रणाली में तरलता की दिक्कत बरकरार रहती है तो उधार पर ब्याज दरें ऊंची रहने की संभावना है। इससे कर्ज देने की रफ्तार



प्रभावित हो सकती है, खासकर जब देश की आर्थिक वृद्धि धीमी हो रही है।

कुछ बैंकरों ने बैंकों के लिए नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में अस्थायी कटौती का भी सुझाव दिया। इससे बैंकों के पास नगदी बढ़ जाएगी। सीआरआर वह हिस्सा होता है, जो बैंक आरबीआई के पास रखते हैं। दिसंबर के मध्य से बैंकिंग प्रणाली की तरलता लगातार गिर रही है। पिछले पांच हफ्तों में दैनिक औसत कमी लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये रही है। बैंकरों ने बताया कि आरबीआई से जो पैसे वे ले रहे हैं, उसकी एक रात की दर उनकी न्यूनतम सीमांत स्थायी सुविधा दर से भी ऊपर बनी हुई है। इसका अर्थ है कि बैंक आरबीआई से उच्च ब्याज दरों पर उधार ले रहे हैं। ऐसे में बैंक ग्राहकों को भी ज्यादा ब्याज दर पर उधारी देंगे।

# अब फिक्स्ड के बजाय फ्लोटिंग दर पर सस्ता होगा कर्ज

**नई दिल्ली.**

हाल में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब खुले मंच पर यह बहस जोर पकड़ी है कि लोन की दरें बहुत ऊंची हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और यहां तक कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी खुले तौर पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और बैंकों से यह कह दिया है कि लोन की ऊंची ब्याज दरें विकास में बाधक बन रही हैं। बावजूद इसके अभी तक आरबीआई ने रेपो दर को दो साल से जस का तस बनाए रखा है। इसका सीधा अर्थ है कि ऊंची ब्याज दर की वजह से लोन की मांग घट गई है। इससे लोग खर्च भी कम कर रहे हैं जो देश के विकास में बाधक है। अब अनुमान है कि आरबीआई फरवरी में



होने वाली बैठक में दरों में कटौती कर सकता है जिससे कर्ज सस्ता होंगे। एक बार दरों में कटौती का चक्र शुरू होने पर यह आगे भी कम हो सकता है।

कर्ज की ब्याज दरें दो साल से उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। अगर आपने फ्लोटिंग दर पर लोन लिया है तो आपका कर्ज आगे सस्ता हो सकता है। जैसे-जैसे ब्याज दरों में कटौती होगी, वैसे-वैसे आपके लोन की किस्त में भी इसका बदलाव होगा। यानी जिस अनुपात में आरबीआई दरें घटाएगा, उसी के आस-पास बैंक भी दरों में कटौती करेंगे।अगर फिक्स्ड दर पर आपने कर्ज लिया है तो फिर रेपो दर या बैंकों की ओर से दरों के घटाने से आपके कर्ज पर कोई असर नहीं होगा। आपको उसी दर पर लोन चुकाना होगा, जिस दर पर आपने पहले कर्ज लिया होगा। ऐसे में बेहतर होगा कि आप फिक्स्ड दर वाले कर्ज को अब फ्लोटिंग दर में बदलने की योजना बना लें।

# अडानी ग्रुप इस राज्य में करेगा 75,000 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली.**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के बीच हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के विकास के लिए 75,000 करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया गया. यह निवेश राज्य की औद्योगिक और सामाजिक प्रगति को नई दिशा देने वाला साबित होगा. अडानी ग्रुप ने रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में अपने पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए 60,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है.

इस निवेश से छत्तीसगढ़ की विद्युत उत्पादन क्षमता में 6,120 मेगावाट की वृद्धि होगी, जिससे राज्य ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बन सकेगा. इसके साथ ही, ग्रुप ने राज्य में अपने सीमेंट प्लांट्स के विस्तार के लिए 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है. यह निवेश राज्य के औद्योगिक ढांचे को और



मजबूत बनाएगा. अडानी फाउंडेशन ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और पर्यटन के क्षेत्र में अगले चार वर्षों में 10,000 करोड़ रुपये खर्च करने का वादा किया है. इस पहल का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना और युवाओं को नए अवसर प्रदान करना है. बैठक में रक्षा उपकरण निर्माण, डेटा सेंटर और एक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की स्थापना को लेकर भी चर्चा हुई. यह पहली बार है जब छत्तीसगढ़ में रक्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश की योजना बनाई गई है. इससे राज्य की रणनीतिक स्थिति मजबूत होगी और तकनीकी इनोवेशन को प्रोत्साहन मिलेगा.

# मनोरंजन और अन्य सुविधाओं के फायदे एक ही ऐप पर

**नई दिल्ली.**

आज के व्यस्त समय में कनेक्टिविटी की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। लोग चाहते हैं कि उन्हें जल्दी और सस्ते दामों पर सारी ज़रूरी सुविधाएं मिलें और वे मनोरंजन का आनंद भी उठा सकें। वी ऐप, जो वी द्वारा पेश किया गया है, आपके इन सभी ज़रूरतों का समाधान एक ही जगह पर उपलब्ध कराता है। यह सिर्फ एक ऐप नहीं, बल्कि यह आपको पेमेंट, एंटरटेनमेंट और ई-कॉमर्स की सुविधाएं भी देता है और आपके वी अकाउंट को भी मैनेज करने में मदद करता है। यही कारण है कि वी ऐप आज लाखों उपभोक्ताओं के रोज़मर्रा के जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है।

डेटा खत्म होना कभी-कभी तनाव का कारण बन जाता है, लेकिन वी ऐप के साथ आपको चिंता करने की ज़रूरत नहीं। 'अनलिमिटेड डेली डेटा पैक' का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता से कम स्पीड होने पर भी आसानी से रीचार्ज कर सकते हैं। अब आपको रीचार्ज करने के लिए वाई-फाई या हॉटस्पॉट की ज़रूरत




नहीं, वी ऐप का एमरजेंसी एक्सेस यह सुनिश्चित करता है कि आप बिना परेशानी के रीचार्ज, पेमेंट या ज़रूरी मदद पा सकें.

वी के उपभोक्ताओं को हमेशा वी ऐप पर बेहतरीन ऑफर्स मिलते हैं! रु. 579 और रु. 859 के पैक पर अतिरिक्त डेटा, रु. 795 पर वैलिडिटी एक्सटेंशन या अन्य रीचार्ज पर फ्लैट डिस्काउंट, इसके अलावा सालाना पैक पर एक्सक्लूसिव डिस्काउंट और 50जीबी एक्स्ट्रा डेटा! इसके साथ ही, वी ऐप पर किसी भी रीचार्ज पर कोई कन्वीनिएन्स शुल्क नहीं लिया जाता। वी ऐप आपके लिए सही क्रेडिट कार्ड चुनने की प्रक्रिया को भी आसान बना देता है। इसके माध्यम से आप प्रमुख बैंकों के क्रेडिट कार्ड ऑफर्स को एक्सप्लोर कर सकते हैं, उनकी तुलना कर सकते हैं और सबसे उपयुक्त कार्ड चुन सकते हैं जो आपकी सभी फाइनेंशियल ज़रूरतों को पूरा करे। जो लोग बिंज-वॉचिंग और लाइव स्पोर्ट्स का आनंद लेते हैं, उनके लिए वी मूवीज़ एंड टीवी ऐप बेहतरीन है। वी ऐप के जरिए आप वी मूवीज़ एंड टीवी सब्सक्रिप्शन खरीद सकते हैं और 17 प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं। वी ऐप सिर्फ टेलीकॉम सर्विस से कहीं ज्यादा है- यह आपके जीवन को आसान बनाता है। यह आपको कनेक्टेड रखता है और आपके मनोरंजन, बचत और ज़रूरतों को पूरा करता है। एक ही ऐप में इतनी सारी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आज ही वी ऐप डाउनलोड करें।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 86.60 के ऑलटाइम लो पर

## > 88 के लेवल तक गिरने के आसार

**नई दिल्ली.**

डॉलर के मुकाबले रुपये में ऐतिहासिक गिरावट देखी जा रही है. करेंसी मार्केट में 63 पैसे की कमजोरी के साथ पहली बार रुपया 86 के लेवल को तोड़ते हुए 86.60 रुपये के निचले स्तर तक जा लुढ़का है. लेकिन रुपये में गिरावट का सिलसिला यहीं जाकर थमने वाला नहीं है. निर्मल बंग इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि एक डॉलर के मुकाबले रुपये का औसत रेट वित्त वर्ष 2025-26 में 88 के लेवल तक गिर सकता है. यानी मौजूदा लेवल से रुपया 1.50 रुपये तक और भी कमजोर हो सकता है.

निर्मल बंग इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि डोनाल्ड ट्रंप ने डॉलर को और मजबूत बनाने का दावा किया है. शुरुआत मजबूती के बाद डॉलर आने वाले दिनों में स्थिर हो जाएगा जिससे भारत जैसे इमर्जिंग देशों की करेंसी को सपोर्ट मिलेगा. रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में एक डॉलर के मुकाबले रुपये का औसत मूल्य 88 के करीब रह सकता है. यानी मौजूदा लेवल से डॉलर के मुकाबले रुपये में अभी और कमजोरी आ सकती है.



### 70 अरब डॉलर घट गया विदेशी मुद्रा भंडार

3 जनवरी 2025 को खत्म हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 634.58 अरब डॉलर पर आ गया है. 27 सितंबर 2024 को खत्म हुए सप्ताह में आरबीआई का विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचा था. यानी 704.88 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड हाई से इसमें 70 बिलियन डॉलर की कमी आ चुकी है. ये कमी विदेशी निवेशकों की बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपये में आ रही कमजोरी को रोकने के लिए आरबीआई ने जो डॉलर बेचा है उसके चलते विदेशी मुद्रा भंडार में ये गिरावट देखने आई है.

महाराष्ट्र सागरलक्ष्मी विकली लॉटरी | सोडत दर सोमवारी | तिकीट किंमत रु. 50/- | सोडत क्र. 02 सोडत दिनांक 13/01/2025

पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख — SL-05 : 3135

उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- — पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 3135 — अग्रवाल लॉटरी एजन्सी - धुळे

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1380 | 2803 | 3154 | 3875 | 4568 | 5069 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 1700 | 3497 | 3575 | 5012 | 5052 | 5681 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1323 | 2607 | 3534 | 3892 | 4645 | 5248 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 2268 | 2733 | 2951 | 3378 | 5491 | 5660 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1681 | 2218 | 2587 | 3066 | 3430 | 3867 | 4408 | 4790 | 5141 | 5565 | 6012 | 6616 |
| | | 1703 | 2222 | 2590 | 3117 | 3433 | 3870 | 4413 | 4810 | 5169 | 5567 | 6034 | 6617 |
| 1011 | 1210 | 1730 | 2226 | 2597 | 3137 | 3435 | 3879 | 4424 | 4834 | 5184 | 5570 | 6037 | 6622 |
| 1014 | 1215 | 1779 | 2233 | 2611 | 3139 | 3447 | 3883 | 4425 | 4838 | 5192 | 5572 | 6046 | 6658 |
| 1019 | 1218 | 1809 | 2244 | 2627 | 3145 | 3465 | 3898 | 4439 | 4842 | 5207 | 5586 | 6060 | 6664 |
| 1020 | 1229 | 1812 | 2261 | 2635 | 3148 | 3533 | 3916 | 4440 | 4844 | 5251 | 5597 | 6062 | 6667 |
| 1022 | 1249 | 1823 | 2262 | 2638 | 3156 | 3546 | 3948 | 4444 | 4845 | 5253 | 5599 | 6064 | 6669 |
| 1033 | 1254 | 1831 | 2266 | 2650 | 3157 | 3549 | 3978 | 4448 | 4846 | 5255 | 5643 | 6066 | 6676 |
| 1035 | 1260 | 1854 | 2271 | 2682 | 3173 | 3566 | 3990 | 4449 | 4847 | 5276 | 5654 | 6083 | 6678 |
| 1052 | 1311 | 1867 | 2274 | 2700 | 3186 | 3573 | 4000 | 4464 | 4848 | 5284 | 5656 | 6117 | 6693 |
| 1071 | 1321 | 1903 | 2282 | 2723 | 3193 | 3575 | 4004 | 4467 | 4864 | 5302 | 5676 | 6166 | 6694 |
| 1076 | 1322 | 1918 | 2285 | 2724 | 3203 | 3582 | 4014 | 4473 | 4868 | 5319 | 5678 | 6179 | 6697 |
| 1090 | 1324 | 1934 | 2292 | 2725 | 3208 | 3593 | 4038 | 4474 | 4874 | 5327 | 5680 | 6226 | 6706 |
| 1099 | 1328 | 1940 | 2298 | 2765 | 3210 | 3630 | 4047 | 4493 | 4884 | 5334 | 5683 | 6230 | 6756 |
| 1106 | 1330 | 1991 | 2299 | 2777 | 3236 | 3635 | 4064 | 4495 | 4888 | 5354 | 5685 | 6233 | 6763 |
| 1107 | 1355 | 2002 | 2301 | 2800 | 3238 | 3645 | 4066 | 4514 | 4899 | 5375 | 5695 | 6239 | 6769 |
| 1108 | 1376 | 2008 | 2312 | 2822 | 3265 | 3652 | 4070 | 4542 | 4902 | 5387 | 5775 | 6240 | 6791 |
| 1130 | 1391 | 2014 | 2322 | 2827 | 3278 | 3670 | 4087 | 4580 | 4907 | 5395 | 5779 | 6256 | 6794 |
| 1132 | 1398 | 2024 | 2367 | 2829 | 3289 | 3699 | 4099 | 4594 | 4917 | 5399 | 5790 | 6268 | 6796 |
| 1133 | 1444 | 2027 | 2378 | 2845 | 3294 | 3700 | 4120 | 4601 | 4942 | 5434 | 5798 | 6315 | 6824 |
| 1135 | 1448 | 2042 | 2380 | 2850 | 3302 | 3733 | 4147 | 4606 | 4945 | 5435 | 5815 | 6316 | 6835 |
| 1140 | 1477 | 2069 | 2388 | 2865 | 3314 | 3761 | 4204 | 4609 | 4946 | 5438 | 5820 | 6361 | 6861 |
| 1151 | 1483 | 2087 | 2399 | 2867 | 3326 | 3764 | 4241 | 4634 | 4967 | 5440 | 5855 | 6379 | 6863 |
| 1153 | 1490 | 2092 | 2400 | 2868 | 3330 | 3780 | 4244 | 4652 | 4974 | 5449 | 5856 | 6421 | 6881 |
| 1154 | 1501 | 2102 | 2416 | 2872 | 3335 | 3781 | 4293 | 4662 | 4984 | 5450 | 5876 | 6425 | 6890 |
| 1156 | 1513 | 2120 | 2424 | 2896 | 3337 | 3792 | 4303 | 4672 | 5005 | 5455 | 5892 | 6432 | 6895 |
| 1158 | 1518 | 2123 | 2470 | 2902 | 3341 | 3793 | 4308 | 4681 | 5020 | 5459 | 5905 | 6506 | 6903 |
| 1160 | 1521 | 2142 | 2475 | 2910 | 3342 | 3809 | 4321 | 4689 | 5021 | 5499 | 5917 | 6523 | 6910 |
| 1162 | 1554 | 2148 | 2482 | 2922 | 3355 | 3810 | 4326 | 4700 | 5028 | 5502 | 5925 | 6526 | 6918 |
| 1165 | 1564 | 2181 | 2487 | 2926 | 3375 | 3817 | 4331 | 4724 | 5031 | 5522 | 5941 | 6546 | 6926 |
| 1166 | 1568 | 2188 | 2513 | 2972 | 3377 | 3827 | 4336 | 4740 | 5037 | 5529 | 5947 | 6575 | 6927 |
| 1175 | 1601 | 2205 | 2527 | 2989 | 3380 | 3831 | 4341 | 4757 | 5067 | 5538 | 5951 | 6578 | 6960 |
| 1178 | 1602 | 2208 | 2537 | 3003 | 3391 | 3832 | 4349 | 4764 | 5085 | 5540 | 5952 | 6588 | 6964 |
| 1183 | 1656 | 2210 | 2539 | 3013 | 3401 | 3836 | 4373 | 4765 | 5088 | 5543 | 5985 | 6596 | 6966 |
| 1192 | 1671 | 2215 | 2561 | 3055 | 3405 | 3843 | 4394 | 4770 | 5095 | 5553 | 5995 | 6603 | 6976 |
| 1208 | 1678 | 2216 | 2582 | 3057 | 3415 | 3852 | 4403 | 4784 | 5119 | 5563 | 6007 | 6614 | 6991 |

महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 18/01/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 50 लाख (रु. 25 लाखाची 2 बक्षिसे) | दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे) | तिसरे बक्षिस ₹5 लाख (रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे)
सागरलक्ष्मी सोडत दिनांक 13/01/2025 — छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र गजलक्ष्मी सोम विकली लॉटरी — सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर सोमवार • सोडत क्रमांक 02 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 13/01/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 0675 | 0921 | 9097 | 2319 | 0639 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 0086 | | | | 5242 (बालाजी मार्केटिंग - नागपूर) | | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 3706 | | 4844 | | 5489 (श्री अष्टविनायक लॉटरी, औरंगाबाद) | | 6079 (महावीर लॉटरी सेंटर, कोल्हापूर) | | 9137 | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 0341 | 0906 | 3082 | 5021 | 5104 | 5195 | 5322 | 6798 | 7856 | 8090 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 1398 | 2060 | 2859 | 5215 | 5522 | 7303 | 7316 | 7543 | 8981 | 9722 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0471 | 1470 | 2462 | 3348 | 4294 | 5143 | 5965 | 7047 | 7779 | 9092 |
| | 0477 | 1481 | 2520 | 3357 | 4304 | 5165 | 6016 | 7170 | 7840 | 9118 |
| 0001 | 0538 | 1519 | 2522 | 3379 | 4343 | 5251 | 6095 | 7174 | 7844 | 9224 |
| 0008 | 0608 | 1559 | 2529 | 3380 | 4400 | 5265 | 6210 | 7190 | 8025 | 9261 |
| 0031 | 0624 | 1580 | 2544 | 3388 | 4427 | 5275 | 6255 | 7217 | 8181 | 9294 |
| 0035 | 0761 | 1654 | 2730 | 3453 | 4483 | 5305 | 6269 | 7243 | 8354 | 9392 |
| 0060 | 0763 | 1664 | 2762 | 3635 | 4492 | 5319 | 6426 | 7271 | 8380 | 9507 |
| 0076 | 0789 | 1831 | 2764 | 3647 | 4497 | 5351 | 6431 | 7297 | 8389 | 9538 |
| 0084 | 0808 | 1910 | 2806 | 3653 | 4643 | 5364 | 6476 | 7342 | 8569 | 9568 |
| 0104 | 0880 | 1941 | 2885 | 3715 | 4739 | 5391 | 6516 | 7351 | 8688 | 9665 |
| 0116 | 0884 | 2178 | 2926 | 3785 | 4776 | 5496 | 6571 | 7504 | 8738 | 9708 |
| 0240 | 1010 | 2222 | 3003 | 3810 | 4805 | 5508 | 6609 | 7513 | 8838 | 9709 |
| 0266 | 1041 | 2239 | 3062 | 3855 | 4815 | 5533 | 6670 | 7588 | 8856 | 9856 |
| 0270 | 1116 | 2272 | 3092 | 3926 | 4973 | 5572 | 6848 | 7685 | 8890 | 9864 |
| 0317 | 1156 | 2280 | 3101 | 3931 | 5018 | 5783 | 6870 | 7700 | 8897 | 9900 |
| 0320 | 1172 | 2409 | 3183 | 3953 | 5038 | 5861 | 6951 | 7712 | 8981 | 9940 |
| 0407 | 1186 | 2426 | 3223 | 4146 | 5054 | 5864 | 6960 | 7722 | 8983 | 9950 |
| 0410 | 1321 | 2442 | 3304 | 4248 | 5057 | 5904 | 6966 | 7737 | 9014 | 9980 |
| 0413 | 1389 | 2446 | 3323 | 4274 | 5112 | 5917 | 6990 | 7768 | 9058 | 9983 |

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत — सोडत दिनांक 25/01/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर ₹ 14 लाख पहिले सामाईक बक्षिस रु. | दुसरे बक्षिस ₹ 2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे) | तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी सोम विकली लॉटरी सोडत दिनांक 13/01/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

CMYK

हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
प्रिय पाठकों को मकर संक्रांति की मीठी-मीठी बधाई!
BCN GROUP
DIGITAL in BCN NEWS 24X7 www.inbcn.in
RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, मंगलवार, 14 जनवरी 2025 | अंक 93/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

संक्रांति के लिये विशेष फॅन्सी काली साड़ियाँ
FANCY & EXCLUSIVE ROYAL WEDDING COLLECTION
शालु, लाछा एवम् उत्कृष्ठ कलात्मक साड़ीयों का संग्रह
वैशाली साड़ी शोरूम
सराफा बाजार, इतवारी नागपुर
समय :10.00 से 7.00 ■ रविवार बंद
9529081789, 9325112561



# महाकुंभ
## के पहले दिन रिकॉर्ड 1.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

"महाकुंभ का आगाज हो गया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि सोमवार को महाकुंभ के पहले दिन डेढ़ करोड़ लोगों ने आस्था के महाकुंभ में डुबकी लगाई। सीएम योगी ने सभी संतगणों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन किया।"



**प्रयागराज.** महाकुंभ नगर. पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ महाकुंभ मेला सोमवार से शुरू हो गया। सोमवार को डेढ़ करोड़ लोगों ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी श्रद्धालुओं, संत महात्माओं, कल्पवासियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए महाकुंभ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महाकुंभ को भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक बताया। पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए तीर्थ पुरोहित राजेंद्र मिश्र ने बताया कि पौष माह के शुक्ल पक्ष के 15वें दिन पौष पूर्णिमा पर गंगा स्नान से सभी तरह के पाप मिट जाते हैं।

उन्होंने कहा, "पौष पूर्णिमा के साथ एक महीने तक चलने वाला कल्पवास भी आज से प्रारंभ हो गया। इस दौरान लोग एक माह तक तीनों समय गंगा स्नान कर एक प्रकार का तप वाला जीवन व्यतीत करते हैं और भगवान के भजन गाते हैं।" सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर किया पोस्ट: सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है, ''मानवता के मंगलपर्व 'महाकुम्भ 2025' में 'पौष पूर्णिमा' के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया।''

आगे उन्होंने लिखा है, ''प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुम्भ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, यूपी पुलिस, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुम्भ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद! पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें।''

## पीएम मोदी ने दिया खास संदेश



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "भारतीय मूल्यों और संस्कृति को धारण करने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक विशेष दिवस महाकुंभ 2025 प्रयागराज में प्रारंभ हो चुका है, जहां असंख्य लोग आस्था, समर्पण और संस्कृति के एक पवित्र संगम में एकत्र हो रहे हैं। महाकुंभ भारत की सनातन विरासत का प्रतीक है।" उन्होंने लिखा, "मैं असंख्य लोगों के वहां आकर डुबकी लगाते और संतों का आशीर्वाद लेते देखकर अभिभूत हूं। सभी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के शानदार प्रवास की कामना करता हूं।"

## महाकुंभ में शामिल होने पहली बार आई यह रशियन श्रद्धालु



महाकुंभ का आगाज हो चुका है। लाखों लोग इस मौके पर संगम में डुबकी लगा चुके हैं और ये सिलसिला लगातार जारी है। महाकुंभ में विदेशी श्रद्धालुओं का भी खूब जमावड़ा है। एक रशियन श्रद्धालु महाकुंभ में पहली बार आई है. रशियन श्रद्धालु ने कहा, 'मेरा भारत महान, भारत एक महान देश है। हम कुंभ मेले में पहली बार आए हैं। यहां हम असली भारत देख सकते हैं। असली शक्ति भारत के लोगों में निहित है। मैं इस पवित्र स्थान के लोगों के उत्साह की वजह से कांप रही हूं। मुझे भारत से प्यार है।'

## किन्नर संतों का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे लोग

मेला क्षेत्र में स्नान के बाद लोगों की भीड़ अखाड़ों में नागा साधुओं का आशीर्वाद लेती हुई दिख रही है। वहीं, सेक्टर-16 में स्थित किन्नर अखाड़ा में भी भारी संख्या में लोग किन्नर संतों का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। राजस्थान के बालोत्रा जिले से 11 लोगों की टोली लेकर किन्नर अखाड़ा पहुंचे दिलीप कुमार ने बताया कि वह पहली बार इस मेले में आए हैं और किन्नर अखाड़ा का बोर्ड देखकर अपने साथियों के साथ यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, "किन्नर अखाड़ा में साधु-संतों को सनातन धर्म का प्रचार करते देख अच्छा लग रहा है। यह समाज काफी समय से उपेक्षित रहा, लेकिन कुंभ ने इन्हें संत के रूप में



अपनाया, जो सराहनीय है।" मुंबई से पहली बार किन्नर अखाड़े में आए लाल जी भाई भानुशाली ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से इस शिविर के बारे में पता चला। भानुशाली ने कहा कि मुंबई और कच्छ (गुजरात) से 1,500 लोग उनके साथ महाकुंभ में आए हैं और बारी-बारी से ये सभी लोग किन्नर अखाड़े को देखने जा रहे हैं। भानुशाली ने मेले की व्यवस्था को लेकर योगी सरकार और मेला प्रशासन की तारीफ की। उन्होंने कहा, "किसी अन्य सरकार के शासन में इतनी साफ-सफाई और शौचालय, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाओं की ऐसी व्यापक व्यवस्था की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। मुख्यमंत्री योगी जी ने बहुत शानदार और अद्भुत व्यवस्था की है।"

# शरद पवार ने हिंदी बोले जाने पर चिंता जताई



**पुणे.** एनसीपी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के कई शहरों में मराठी के बजाय हिंदी बोले जाने पर चिंता जताई है। पुणे में आयोजित अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में उन्होंने कहा कि मराठी को संरक्षित करने के लिए जरूरी है कि इसे अनिवार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि पुणे और इसके आसपास के इलाकों में मराठी नहीं बोली जा रही है बल्कि हिंदी बोलने पर जोर दिया जाता है। उन्होंने साहित्यकारों और लेखकों से राज्य की समस्याओं पर लिखने का अनुरोध भी किया। पुणे का उदाहरण देते हुए शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र संकट के दौर से गुजर रहा है।

उन्होंने लेखकों से अपने साहित्य के माध्यम से इस संकट को खत्म करने की अपील की। एनसीपी नेता ने विश्वास जताया कि महाराष्ट्र जल्द ही अपनी पुरानी स्थिति में लौट आएगा। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. रावसाहेब कसबे, न्यास मंडल के अध्यक्ष डॉ. शिवाजीराव कदम, कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर मिलिंद जोशी, पुणे के संस्थापक अध्यक्ष संजय नाहर, सम्मेलन के संयोजक डॉ. सदानंद मोरे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीताराजा पवार, सरहद के कोषाध्यक्ष विनोद कुलकर्णी और न्यासी शैलेश वाडेकर भी उपस्थित थे।

### क्यों बन रहा है हिंदी बोलने का प्रेशर?

शरद पवार ने एक बार फिर मराठी अस्मिता की राजनीति को हवा दी है। एनसीपी (एसपी) के नेता शरद पवार ने पुणे साहित्य सम्मेलन में शनिवार को हिंदी-मराठी भाषा को लेकर अपनी राय रखी। 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन शरद पवार ने पुणे शहर में भी मराठी भाषा के कम होते इस्तेमाल पर दुख जताया। पवार ने कहा कि सदशिवराव पेशवा के दिल्ली पर कब्ज़ा करने के बाद कई मराठी लोग दिल्ली में बस गए थे। आज भी उनके वंशजों के घरों में छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीरें देखी जा सकती हैं। महाराष्ट्र का गौरव संरक्षित है। पवार ने कहा कि आजकल पुणे में भी मराठी नहीं बोली जाती। पुणे के उपनगरों में रहने वालों पर भी हिंदी बोलने का प्रेशर है। उन्होंने कहा कि मराठी भाषा के संरक्षण के लिए इसे अनिवार्य बनाना ज़रूरी है।

# जापान में भूकंप से कांप गई धरती
## 6.9 रही तीव्रता; जारी की गई सुनामी की चेतावनी

**क्यूशू.** जापान में भूकंप के झटकों धरती कांप गई है। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.9 मापी गई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी का कहना है कि जापान के क्यूशू में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप के बाद तटीय क्षेत्रों में सुनामी की चेतावनी भी जारी की गई है। अभी तक इस भूकंप से किसी तरह के नुकसान या लोगों के हताहत की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



भूकंप का केंद्र मियाजाकी प्रांत में था। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, सुनामी की लहरें एक मीटर तक ऊंची उठ सकती हैं। भूकंप रात को 9 बजकर 19 मिनट (जापान के समय के अनुसार) पर आया और इसके तुरंत बाद मियाजाकी प्रांत के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई।

प्रशांत बेसिन में ज्वालामुखियों के आर्क, रिंग ऑफ फायर और फॉल्ट लाइन के किनारे स्थित होने के कारण जापान अक्सर भूकंप की चपेट में रहता है। इससे पहले बीते साल नवंबर के महीने में भी जापान के उत्तर-मध्य क्षेत्र नोटो में भूकंप के जबरदस्त झटके महसूस किए गए थे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाघिन की मौत

**नई दिल्ली.** मालधनचौड़ के मोहन नगर में सड़क हादसे में एक बाघिन की मौत हो गई। बाघिन का शव मिलने से वन कर्मियों में खलबली मच गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को जलाकर नष्ट कर दिया। तराई पश्चिम वन प्रभाग के जसपुर के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि रविवार को दक्षिण जसपुर रेंज के अंतर्गत मालधन बीट में गश्त के दौरान तुमड़िया नहर के पास 5 से 6 साल की बाघिन का शव मिला। बाघिन के सभी अंग सुरक्षित थे। उन्होंने बताया कि बाघिन के पिछले हिस्से में चोट के निशान है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघिन की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई होगी।

# संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस का प्रदेशव्यापी अभियान



**मुंबई.** जब भाजपा द्वारा संविधान और संविधान निर्माता का अपमान किया जा रहा है तो महापुरुष डॉ. कांग्रेस पार्टी बाबा साहेब अम्बेडकर के सम्मान, संविधान, सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

इसी उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी ने 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' अभियान चलाया है. यह अभियान 3 जनवरी से राष्ट्रीय स्तर पर और 26 जनवरी को डॉ. मध्य प्रदेश से प्रारंभ हो चुका है। इसका समापन बाबासाहब अम्बेडकर नगर, महू में एक भव्य रैली के साथ होगा। संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर 26 जनवरी 2025 को राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली का आयोजन किया गया है. इस अभियान को मजबूत करने के लिए 26 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2026 तक देशव्यापी जनसंपर्क अभियान 'संविधान बचाओ नेशनल वॉक' चलाया जाएगा. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने जानकारी दी है कि इस अभियान में प्रदेश कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, पूर्व विधायक, सांसद, प्रकोष्ठ एवं विभाग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे.

# सोयाबीन की खरीद के लिए एक स्थायी तंत्र स्थापित करें: मुख्यमंत्री फडणवीस



**मुंबई.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने पणन विभाग द्वारा 100 दिनों में किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा की. इस दौरान देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हर वर्ष सोयाबीन की खरीदी विपणन विभाग के माध्यम से की जाती है। यह खरीद बिना किसी बाधा के हो इसके लिए विभाग को एक स्थायी तंत्र स्थापित करना चाहिए।

साथ ही फड़णवीस ने कहा कि समृद्धि राजमार्ग के किनारे स्थापित होने वाले एग्रो हब को मैग्नेट परियोजना के तहत स्थापित किया जाना चाहिए। इस स्थान पर सभी सुविधाएं स्थापित की जानी चाहिए। इस एग्रो हब के लिए योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री फड़णवीस ने दिये। राज्य में अगले साल नवंबर में शुरू होने वाली सोयाबीन की खरीद की तैयारियां पूरी करने के निर्देश देते हुए फड़णवीस ने कहा कि अक्टूबर में किसानों का पंजीकरण भी पूरा कर लिया जाए।

उन्होंने कहा कि सोयाबीन उपार्जन की व्यवस्था स्थाई रूप से स्थापित हो, इसके लिये मापदण्ड तय किये जायें। इसमें सभी सुविधाएं शामिल होनी चाहिए। सोयाबीन की खरीद बिना किसी समस्या के जारी रहे, इसके लिए एक तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री कहा कि प्रदेश के चारों संभागों में स्थापित किये जाने वाले एग्रो लॉजिस्टिक हब का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये। प्याज भंडारण के लिए प्याज चाल सबसे अच्छा विकल्प है और इसकी काफी मांग है। फडणवीस ने प्याज चाल की संख्या बढ़ाने का भी सुझाव दिया।

# उत्तरी सीमाओं पर स्थिति संवेदनशील: जनरल द्विवेदी



**नई दिल्ली.** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि देश की उत्तरी सीमाओं पर स्थिति संवेदनशील है, लेकिन स्थिर है. उन्होंने भरोसा दिलाया है कि सेना किसी भी प्रतिकूल स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और सीमावर्ती क्षेत्रों में एक मजबूत बुनियादी ढांचे का निर्माण करना भारतीय सेना की प्रमुख प्राथमिकता है. आज नई दिल्ली में भारतीय सेना की सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जनरल द्विवेदी ने कहा कि जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है और यह आतंकवाद से पर्यटन की दिशा में आगे बढ़ रहा है. उन्होंने बताया कि पिछले साल ढेर किए गए 60 प्रतिशत आतंकवादी पाकिस्तान मूल के थे.

उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं. पूर्वी लद्दाख पर मौजूदा स्थिति के बारे में जनरल द्विवेदी ने कहा कि डेमचोक और देपसांग में विवादास्पद मुद्दों को सुलझा लिया गया है और यहां गश्ती अभियान जारी है. जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कड़ी नजर रख रही है और देश की सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है. बांग्लादेश की स्थिति पर, जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जोर देकर कहा कि बांग्लादेश भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा, भारत और बांग्लादेश पड़ोसी हैं और उनके बीच किसी भी तरह की दुश्मनी एक-दूसरे के हित में नहीं है.

मणिपुर में मौजूदा स्थिति पर बोलते हुए, सेना प्रमुख ने कहा कि सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों और सक्रिय सरकारी पहलों ने स्थिति को नियंत्रण में ला दिया है. उन्होंने कहा कि हिंसा की कुछ घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सरकार क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए काम कर रही है. सेना प्रमुख ने यह भी रेखांकित किया कि शांति बहाल करने के लिए भारत-म्यांमार सीमा पर निगरानी और बाड़ लगाने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है.


## लॉस एंजिल्स: अभी भी धधक रहा है!



**लॉस एंजिल्स.** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में लगी आग अब तक अरबों का नुकसान कर चुकी है। तेज हवाओं की वजह से आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा है। आग के इस तांडव में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस सप्ताह हवाओं की रफ्तार तेज हो सकती है। इस आग में कई हॉलिवुड स्टार्स के बंगले भी चपेट में आ गए। जानकारी के मुताबिक अब तक 12 हजार से ज्यादा घर आग में स्वाहा हो चुके हैं। इसी बीच लॉस एंजिल्स में एक खतरनाक 'फायरनाडो' देखा गया। बताया जा रहा है कि यह वीडियो शुक्रवार की रात का है। फायरनाडो शब्द फायर और टोरनाडो से मिलकर बना है जिसका अर्थ होता है आग का बवंडर। जब चारों ओर चलने वाली हवाओं की वजह से वैक्यूम बन जाता है तो यह बेहद शक्तिशाली हो जाता है।

# टेम्पो-ट्रक की टक्कर में 8 की मौत

**नासिक.** महाराष्ट्र के नासिक में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। नासिक जिले के द्वारका सर्किल में एक टेम्पो और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक यह हादसा शाम साढ़े सात बजे अयप्पा मंदिर के पास हुआ। पुलिस अधिकारी ने बताया, ''टेम्पो में 16 यात्री सवार थे, जो यहां सिडको क्षेत्र जा रहे थे। वे निफाड में एक धार्मिक कार्यक्रम से लौट रहे थे।



टेम्पो चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और लोहे की छड़ों से लदे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ घायलों की हालत गंभीर है।''

**मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका:** उन्होंने बताया कि पुलिस और दमकलकर्मियों ने भीड़भाड़ वाले इलाके में निवासियों और राहगीरों के साथ मिलकर तुरंत बचाव अभियान शुरू कर दिया। अधिकारी ने बताया कि घायलों का जिला अस्पताल और कुछ निजी अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि कुछ यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## सुविचार

सूर्य की पहली किरण आपके जीवन को नई ऊर्जा से भर दे. मकर संक्रांति का यह पर्व आपको खुशियां दे.


## संपादकीय

# नागा साधुओं की दुनिया

❍ साधुओं की छवि आमतौर पर सांसारिक मोह माया और हिंसा से दूर रहने और साधना में लीन रहने वाली होती है. लेकिन जब बात नागा साधुओं की होती है, तो आपने देखा होगा कि साधना के बीच भी वे हमेशा अपने साथ अस्त्र रखते हैं. एक साधु का जीवन त्याग और तपस्या का प्रतीक माना जाता है. ऐसे में यह सवाल उठता है कि आखिर एक साधु होकर भी नागा क्यों अस्त्र रखते हैं. नागा साधु भगवान शिव के अनुयायी माने जाते हैं और उनकी पूजा करते हैं. कहा जाता है कि आदि शंकराचार्य ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए ही नागा साधुओं और अखाड़ों की स्थापना की थी. इसलिए नागा साधु अपने अस्त्रों का इस्तेमाल धर्म की रक्षा के लिए करते हैं. उनका अस्त्र केवल आत्मरक्षा के लिए होता है, ना कि किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए. नागा साधुओं के पास जो अस्त्र होते हैं, जैसे त्रिशूल, तलवार और भाला, उनका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है. त्रिशूल भगवान शिव का प्रिय अस्त्र है और इसे शक्ति, सृष्टि और विनाश का प्रतीक माना जाता है. इसे भगवान शिव की शक्ति का प्रतिनिधित्व करने के रूप में देखा जाता है. वहीं तलवार और भाला वीरता और साहस के प्रतीक होते हैं. यह अस्त्र उन साधुओं के शौर्य और बलिदान का प्रतीक होते हैं जो धर्म और समाज की रक्षा में जुटे रहते हैं. नागा साधु इन अस्त्रों को केवल आत्मरक्षा के रूप में रखते हैं, ताकि अगर कभी जरूरत पड़े तो वे अपनी रक्षा कर सकें. उनके अस्त्र सिर्फ उनके तप और साधना का हिस्सा हैं, जो उन्हें शक्ति और साहस प्रदान करते हैं. नागा साधु अपने अस्त्रों के साथ एक जीवन जीते हैं जो न केवल उनके आत्मविश्वास और ताकत का प्रतीक है, बल्कि यह उनके धर्म की रक्षा के लिए उनकी तैयारियों को भी दर्शाता है. यह उनके जीवन में तप, त्याग और बलिदान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो उनके आध्यात्मिक और धार्मिक उद्देश्यों के साथ मेल खाता है. इतिहास में जब भारत पर विदेशी आक्रमणकारी आए थे, तब नागा साधुओं ने अपने अस्त्रों का इस्तेमाल धर्म की रक्षा के लिए किया था. वे भारतीय मंदिरों, परंपराओं और संस्कृति की रक्षा के लिए लड़ते थे. नागा साधुओं का अस्त्र रखना इस बात का प्रतीक है कि वे किसी भी संकट की स्थिति में धर्म की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं. नागा साधु अपने अस्त्रों का इस्तेमाल केवल आत्मरक्षा और धर्म की रक्षा के लिए करते हैं. वे इसे किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं रखते हैं.

# ढूंढोगे तो इस शहर में क़ातिल न मिलेगा

**डॉ.सलीम ख़ान, मुंबई**





'अंधेर नगरी चौपट राज' अगर कोई देखना चाहता है तो वर्तमान भारत में आए तथा बिना मेहनत दिन के उजाले में इसका नज़ारा करना हो तो उत्तरप्रदेश चला जाए। यूपी में पिछले साल का अन्त इतना भयानक हुआ कि इस नए वर्ष का अंदाज़ा लगाना बहुत आसान हो गया। उतर प्रदेश के मुरादाबाद में कुछ शरारती तत्वों ने गो-हत्या के आरोप में एक 42 वर्षीय मुस्लिम व्यक्ति को पीट-पीटकर शहीद कर दिया। भीड़-हिंसा का शिकार होनेवाले शाहेदीन को वैसे तो 30 दिसंबर की रात क़त्ल किया गया, मगर अगले दिन मेरठ के एक अस्पताल में उनकी मौत का एलान करते हुए कहा गया कि इलाज के दौरान मौत हुई।

यह दुखद घटना मुरादाबाद के मझोला थाना इलाक़े में मंडी कमेटी चौकी के क़रीब मंडी समिति के परिसर में घटित हुई। पुलिस ने यह स्वीकार ज़रूर किया कि शाहेदीन को कुछ शरारती तत्वों ने गो-हत्या के आरोप में पीट-पीटकर सख़्त ज़ख़्मी किया, मगर क़ातिलों को बचाने की ख़ातिर कह दिया कि उसकी मौत मेरठ के अस्पताल में इलाज के दौरान हुई, ताकि भीड़ हिंसा के द्वारा क़त्ल का मामला ही न बने और इस बाबत सुप्रीम कोर्ट के सारे निर्देशों को दरकिनार कर उनसे बचा जा सके। इस दुखद घटना की वीडियो वायरल हुई और बदमाशों ने कैमरे के सामने अपना अपराध स्वीकार भी किया मगर प्रशासन की जिन आँखों पर भगवा पट्टी बँधी थी उसको वह सब दिखाई ही नहीं दिया, इसलिए अब भी क़ातिल अज्ञात हैं। इस क़त्ल के मामले में पुलिस मृतक के बजाय क़ातिल के पक्ष में खड़ी हुई है। कथित रूप से यह कहा जा रहा है कि घटना रात देर गए उस वक़्त घटित हुई जब कुछ लोगों ने अंधेरे में कुछ गतिविधि देखी।

उन लोगों के अनुसार, जो भीड़-हिंसा द्वारा क़त्ल में शरीक थे, जब वे क़रीब गए तो शाहेदीन सहित कुछ लोगों को गाय ज़बह करते देखा। शरारती तत्वों के अनुसार उन्होंने पकड़ने की कोशिश की तो तीन लोग फ़रार हो गए मगर मृतक पकड़ा गया। इस बयान को बिना जाँच-पड़ताल के मीडिया सहित प्रशासन ने सच मान लिया और इसे फैलाया जाने लगा। यह आरोप अगर दुरुस्त हो तब भी आरोपी को पुलिस के हवाले करने के बजाय इस हद तक पीटना कि वह मर जाए कहाँ का इंसाफ़ है?

पुलिस ने शाहेदीन के भाई की शिकायत पर हमला-आवरों के ख़िलाफ़ अनैच्छिक हत्या का मुक़द्दमा दर्ज तो कर लिया है, मगर यह क़त्ल अनैच्छिक कैसे हो गया? कोई नहीं जानता। पुलिस के इस पक्षपाती रवैये पर मलिकज़ादा मंज़ूर का या शेर फ़िट बैठता है कि देखोगे तो हर मोड़ पे मिल जाएँगी लाशें, ढूँडोगे तो इस शहर में क़ातिल न मिलेगा, उत्तर प्रदेश की पुलिस को एक तरफ़ तो क़ातिलों का सुराग़ नहीं मिलता, मगर दूसरी ओर उसे यक़ीन हो जाता है कि मृतक शाहेदीन गाय को ज़बह कर रहा था। इस अनुमान के तहत पुलिसवालों ने शाहेदीन के साथियों सहित ख़ुद उस व्यक्ति के ख़िलाफ़ भी, जो अब दुनिया में नहीं है, गाय ज़बह करने के आरोपों पर मुक़द्दमा दर्ज कर लिया है।

ऐसा अंधा क़ानून दुनिया में कहीं नहीं होगा? उत्तर प्रदेश प्रशासन के नज़दीक किसी पर गो-माता के क़त्ल का आरोप उसको मौत की भेंट चढ़ाने के लिए पूर्णतः उचित है, लेकिन उस व्यक्ति का ग़रीब और मुसलमान होना ज़रूरी है वर्ना इस दुर्घटना के दस दिन बाद यूपी के ही दादरी कोतवाली इलाक़े में 4 करोड़ रुपये का गोश्त पकड़ा गया। आगे चलकर लेबारेटरी से यह पुष्टि भी हुई कि वह गोश्त गाय ही का था, लेकिन उसके मालिक का बाल बाँका नहीं हुआ, क्योंकि वह अमीर-कबीर हिंदू ब्राह्मण था।

9 नवंबर को तथाकथित गो-रक्षकों ने लुहरली टोल पर पश्चिम बंगाल से आनेवाले एक ट्रक को रोका और उसमें गाय का गोश्त होने की सूचना दी। यह माल दादरी के बशारा रोड पर स्थित एसपीजे कोल्ड स्टोरेज से ले जाया जा रहा था। यह कोल्ड स्टोरेज अगर किसी ग़ैर-हिंदू का होता तो उसपर बाबाजी का बुलडोज़र चल जाता और साम्प्रदायिक दंगा भी हो जाता, लेकिन चूँकि उसका मालिक पूरन जोशी था, इसलिए कुछ भी नहीं हुआ। उसकी कृपा से गोश्त बरामद करनेवाली कंपनी के मुस्लिम डायरेक्टर ख़ुरशीद नबी के साथ भी कोई दुर्व्यवहार नहीं किया गया।

इस संस्था के मैनेजर अक्षय सक्सेना, ट्रक ड्राइवर शिव शंकर और ऑपरेटर सचिन को 'ससम्मान' गिरफ़्तार करके सूरजपुर की अदालत में पेश किया गया और बहुत जल्द वे सब ज़मानत पर रिहा हो जाएँगे। इससे मालूम होता है कि गाय को माता माननेवालों को उसे ज़बह करके दुनिया-भर में एक्सपोर्ट करने की आज़ादी है, लेकिन अगर किसी ग़ैर पर आरोप भी लग जाए तो बिना सुबूत और मुक़द्दमे के उसका क़त्ल जायज़ है। इस गिरोह की रंगे हाथों पकड़े जाने के बावजूद मॉब लंचिंग इसलिए नहीं हुई, क्योंकि इसमें एक मोमिन ख़ान के अलावा राजू भदौरिया, गंगा राम, मोहन सिंह सिसोदिया, वीर भान, वीर सिंह और राम सिंह का प्रभाव था।

इन आरोपियों के क़ब्ज़े से 37 ज़िंदा मवेशी, दो देसी तमंचे, कारतूस वग़ैरा मिले और इसमें अन्तर्राज्यीय लोग उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान के भी थे। संयोग से फ़िलहाल दोनों राज्यों में भगवा डबल इंजन सरकार है और ज़ोर-शोर से यह कारोबार हो रहा है। जाँच-पड़ताल के बाद रहस्योद्घाटन हुआ कि इन आवारा मवेशियों को इकट्ठा करके बेचने के लिए ले जाया जाता था। उन लोगों पर गो-हत्या का मुक़द्दमा नहीं बना, बल्कि 'मवेशियों के साथ बर्बरता' की धारा लगाकर जेल भेजा गया, हालाकि उनको कौन और क्यों ख़रीदता है यह जानने के लिए किसी शरलॉक होम्ज़ की बिल्कुल ज़रूरत नहीं। इससे मालूम हुआ कि अगर किसी को बचाना हो तो उसके लिए हज़ार रास्ते हैं और जिसे फँसा दिया तो उसके लिए कोई रास्ता नहीं है।

योगी आदित्यनाथ ने अपने राजनैतिक लाभ की ख़ातिर पुलिस के मुह को ख़ून लगा दिया है और अब वह ख़ूख़ार वहशी मुसलमानों के अलावा दूसरों की भी चीर-फाड़ करने लगा है। यही वजह है कि उसका जो चेहरा मुरादाबाद में नज़र आया कि वहाँ मृतक शाहेदीन को आरोपी ठहराकर क़ातिल की प्रत्यक्ष रूप से सहायता की गई, वही चेहरा लखीमपुर खीरी में भी दिखाई दिया। वहा पर एक आदमी को मारने के बाद पहले तो मीडिया के द्वारा उसे गैंगस्टर बता दिया गया, ताकि उसके प्रति सारी हमदर्दियाँ ख़त्म हो जाएँ। हुलासी पुरवा गाँव के रामचन्द्र मौर्य को शराब बनाने के आरोप में हिरासत में लिया गया और फिर कहा गया कि भागते हुए वह ख़ुद गिरकर मर गया। उसके परिजनों ने अन्तिम संस्कार करने से इनकार कर दिया और हाईवे पर जाम लगा दिया, तो उन्हें समझाने की ख़ातिर सीओ को भेजा गया। वह उन्हें समझाने-बुझाने के बजाय डाँटने-डपटने लगे और इत्तिफ़ाक़ से उसकी वीडियो भी वायरल हो गई।


लखीमपुर खीरी के सीओ को विडीयो के अन्दर कहते देखा जा सकता है कि "चाहे जितने दिन लाश को रखना है रखो, न तो कोई थाना निलम्बित होगा, न ही तुमको तीस लाख मुआवज़ा मिलेगा। तुम्हारी कोई भी माँग पूरी नहीं होगी!" उसके बाद अधिकारियों ने लाठी चार्ज करके रास्ता खुलवा दिया। आगे चलकर राम चन्द्र मौर्य के परिजनों ने अन्तिम संस्कार तो कर दिया, लेकिन न सीओ की जाँच हुई और न थाना पुलिस पर ही कोई फ़र्क़ पड़ा।

यह केन्द्र सरकार में राज्य गृहमंत्री अजय मिश्रा टेनी का इलाक़ा है, जहाँ दिन-दहाड़े उनके बेटे ने किसानों को अपनी गाड़ी से कुचल दिया था। इसके बावजूद टेनी को अपने पद पर बरक़रार रखा गया। ऐसे में भला प्रशासन को ख़ौफ़ क्योंकर महसूस होगा और वह कब तक हिंदू-मुसलमान में भेद करेगा?

**इनसे उम्मीद न रख, हैं ये सियासत वाले, ये किसी से भी मुहब्बत नहीं करने वाले. (अनुवादक: गुलज़ार सहराई).**

## आस्था

# आज आसमान में बिखरेंगे पतंगों के रंग



❒ आज उत्तर से लेकर दक्षिण तक पूरे भारत में मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जायेगा. हालांकि लोग इस फेस्टिवल को अलग-अलग नामों से मनाते है. मकर संक्रांति को जहां राजस्थान में संक्रांत कहते हैं तो वहीं गुजरात में उत्तरायण और केरल में इस दिन को पोंगल के रूप में मनाते है. आज के दिन पतंगे भी खूब उड़ेगी. इस दिन आसमान में कई तरह के आकार, रंग और साइज की पतंगें दिखाई देती हैं. सूरज डूबने के बाद, आसमान में मोमबत्तियों वाली पतंगें और कागज़ की लालटेन जगमगाती हैं. इस दिन पतंगों के बाजार लगते हैं. पतंगें आमतौर पर प्लास्टिक, पत्ते, लकड़ी, धातु, नायलॉन, और अन्य स्क्रैप सामग्री से बनाई जाती हैं. उत्तरायण के लिए पतंगें हल्के वज़न वाले कागज और लकड़ी से बनाई जाती हैं. त्योहार की दूसरी रात को, मोमबत्तियों वाली पतंगें उड़ाई जाती हैं, जिन्हें टुकल या टुक्कल कहते हैं. यह त्योहार सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में सेलिब्रेट किया जाता है, इसलिए इसका धार्मिक और ज्योतिष महत्व माना गया है तो वहीं ये नई फसल की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है. ये त्योहार मौसम से बदलाव का संकेत भी देता है और इंसानों को प्रकृति की लय से जोड़ता है. इस दिन खाई जाने वाली चीजें सेहत के लिहाज से बहुत फायदेमंद होती हैं. लोहड़ी उत्तर भारत का एक प्रमुख और पारंपरिक त्यौहार है. मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में इसे बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है. लोहड़ी का त्योहार फसल की कटाई और बुआई की खुशी में मनाया जाता है. इस दिन लोग आग जलाकर उसके चारों ओर नाचते-गाते हैं. गिद्दा करते हैं. गिद्दा पंजाब का एक बहुत ही लोकप्रिय नृत्य है. इस बीच लोग आग में गुड़, तिल, रेवड़ी, गजक डालते हैं और एक दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं देकर तिल के लड्डू भी बांटे जाते हैं. ये त्यौहार पंजाब में फसल काटने के दौरान मनाया जाता है. इस दिन रबी की फसल को आग में समर्पित कर सूर्य देव और अग्नि का आभार प्रकट किया जाता है. आज के दिन किसान फसल की उन्नति की कामना करते हैं. मकर संक्रांति पर खिचड़ी बनाने और खाने की परंपरा का उल्लेख कई प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में मिलता है. हिंदू मान्यताओं के अनुसार, खिचड़ी भगवान सूर्य और शनि देव से जुड़ी है. मान्यता है कि मकर संक्रांति पर खिचड़ी बनाने और खाने से घर में सुख-समृद्धि आती है. दाल, चावल और हरी सब्जियों को मिलाकर खिचड़ी बनाई जाती है. इसलिए खिचड़ी को पौष्टिक आहार माना जाता है. खिचड़ी खाने से सर्दियों में एनर्जी मिलती है. साथ ही शरीर गर्म रहता है. मकर संक्रांति पर खिचड़ी का दान करना भी बहुत शुभ माना जाता है.

# प्रयागराज में खेली 'मसान होली'





अघोरी बने कलाकारों ने प्रयागराज में 'मसान होली' का प्रदर्शन किया है। इस दौरान कलाकारों द्वारा अघोरी समुदाय के चित्रण ने आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व के चित्रण के साथ स्थानीय लोगों और पर्यटकों का ध्यान आकर्षित किया।

# ये 5 चीजें हेल्थ के लिए हैं वरदान



**खिचड़ी भी है फायदेमंद:** उत्तर भारत में कई जगहों पर मकर संक्रांति को खिचड़ी के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है और इस दिन लोग अपने घरों में खिचड़ी बनाते हैं जो एक कम्फर्ट फूड है. खिचड़ी में मसाले न के बराबर यूज होते हैं और तेल भी सिर्फ तड़का के लिए थोड़ा सा इस्तेमाल किया जाता है, इसलिए खिचड़ी पाचन को दुरुस्त रखने में हेल्प फुल होती है.

**उंधियू है कमाल की सब्जी:** गुजरात में मकर संक्रांति यानी उत्तरायण के दिन घरों में पारंपरिक सब्जी उंधियू बनाई जाती है. ये एक ऐसी सब्जी है जो कई न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होती है, क्योंकि उंधियू में एक नहीं बल्कि कई तरह की सब्जियां डाली जाती हैं. इसे पारंपरिक तरीके से अगर मिट्टी के मटके में बनाया जाए तो ये सब्जी स्वास्थ्य के लिए और भी ज्यादा फायदेमंद रहती है.

**तिल का सेवन:** मकर संक्रांति पर तिल का सेवन किया जाता है जो प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, से लेकर विटामिन ई, ए, बी कॉम्पलेक्स समेत कई न्यूट्रिएंट्स से रिच होते हैं. तिल का सेवन मसल्स को ताकत देने के साथ हड्डियों को मजबूत बनाने, दिल और दिमाग को हेल्दी रखने, बाल और स्किन को हेल्दी बनाने से लेकर कई तरह से फायदा करता है.

**गुड़ भी है फायदेमंद:** चीनी के मुकाबले गुड़ खाना ज्यादा फायदेमंद रहता है और मकर संक्रांति पर तो गुड़, तिल, मूंगफली और बाकी नट्स को डालकर बनाए गए लड्डू, चिक्की का सेवन खूब किया जाता है. गुड़ शरीर में खून बनाने में मदद करने के साथ ही एनर्जी देता है. ये सर्दी से होने वाली मौसमी बीमारियों से भी बचाव करता है. गुड़ का सेवन करने से शरीर में गर्माहट बनी रहती है.

**दही-चिउड़ा गट हेल्थ के लिए है फायदेमंद:** मकर संक्रांति के दिन विशेष रूप से तिल और गुड़ का सेवन तो किया ही जाता है. इसके अलावा बिहार और राजस्थान में दही-चिउड़ा खाने का रिवाज है. यह एक हल्का और पौष्टिक व्यंजन है. चिउड़ा और दही खाने से गट हेल्थ अच्छी रहती है और पाचन संबंधित समस्याओं से बचाव होता है.

# भविष्य

❍ नंदिनी आज खाने में क्या है? जोरों की भूख लगी है। नमन ने कुतुहलवश पूछा। तुम्हारी ही पसंद की सारी चीजें हैं नमन, नंदिनी ने कहा।खाना खाते ही नमन ने कहा वाह! मजा आ गया। नंदनी मैंने पहले भी कहा अभी भी कहूँगा तुम्हारे हाथों में जादू है। जो भी बताती हो लाजवाब,जो भी खाए बस खाता जाए। नंदनी ने बीच में टोकते हुए कहा नमन सोचती हूँ टिफ़िन का काम कर लूँ।

हर साल कितने नए बच्चे आते हैं यहाँ पढ़ने जो खाना नहीं बना पाते उन्हें भी घर जैसा खाना मिलेगा और उस के लिए बाहर भी नहीं जाना पड़ेगा और मेरा हुनर भी बेकार नहीं होगा।हर बार की तरह नमन हूं हूं करके हाथ धो के बेडरूम में चला गया। परी को गोद में उठाकर उसके साथ खेलने लगा।नंदनी को पता था कि नमन इस बात में कोई इंट्रेस्ट नहीं लेंगे। फिर भी उसने अपनी बात बोल दी।

# उच्च न्यायपालिका के द्वारा कानून के शासन और संवैधानिक मूल्यों को कायम रखना

❒ सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा क़ानून, 2004 की संवैधानिक वैधता बरक़रार रखी है। साथ ही इलाहाबाद हाई कोर्ट का फ़ैसला ख़ारिज कर दिया है। ध्यातव्य है कि उत्तर प्रदेश राज्य में मदरसों (इस्लामिक शैक्षणिक संस्थानों) के कामकाज को विनियमित और नियंत्रित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 लागू किया गया था। इसने पूरे उत्तर प्रदेश में मदरसों की स्थापना, मान्यता, पाठ्यक्रम और प्रशासन के लिये एक फ्रेमवर्क प्रदान की। इस अधिनियम के तहत, राज्य में मदरसों की गतिविधियों की देखरेख और पर्यवेक्षण के लिये उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड की स्थापना की गई थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सरकार मदरसा शिक्षा को लेकर नियम बना सकती है। यह फैसला भारतीय मुसलमानों और मदरसों से जुड़े लोगों के लिए संतोषजनक और प्रेरणादायक है। इस निर्णय से देश में न्याय और समानता का संदेश गया है। अदालत ने कहा कि मदरसा एक्ट के प्रावधान संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हैं और ये धार्मिक अल्पसंख्यकों के शैक्षिक अधिकारों की सुरक्षा करते हैं। जब धार्मिक शिक्षा और अल्पसंख्यकों के शिक्षा के अधिकार की बात आती है तो हम पाते है कि संविधान के अनुच्छेद 30 (1) के तहत अल्पसंख्यक समुदायों को अपने शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उन्हें स्वतंत्र रूप से संचालित करने का अधिकार दिया है। भारतीय संविधान देश का सर्वोच्च कानून है, और इसके प्रावधान सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए हैं। इन संवैधानिक अधिकारों को बरकरार रखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर इस बात पर प्रकाश डाला है कि कोई भी कानून, विनियमन या सामाजिक पूर्वाग्रह संविधान के प्रावधानों को खत्म नहीं कर सकता है। यह निर्णय उस कानूनी ढांचे को मजबूत करता है जिसके भीतर अल्पसंख्यक समुदाय काम कर सकते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि उन्हें ऐसे संस्थान बनाने की स्वतंत्रता है जो उनकी अद्वितीय शैक्षिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करते हैं। संविधान की सर्वोच्चता ही भारत के लोकतंत्र को स्थिरता और सुसंगति प्रदान करती है। ऐसे देश में जहां कई धार्मिक, भाषाई और सांस्कृतिक समुदाय सह-अस्तित्व में हैं, संविधान एक एकीकृत दस्तावेज के रूप में कार्य करता है जो समानता सुनिश्चित करते हुए विविधता की रक्षा करता है। यह निर्णय इस बात की पुष्टि करता है कि न्यायपालिका, संविधान के व्याख्याकार और संरक्षक के रूप में, इसके प्रावधानों से किसी भी विचलन की अनुमति नहीं देगी। ऐसा करके न्यायालय ने स्पष्ट संदेश दिया है कि संवैधानिक अधिकारों को कमजोर या समझौता नहीं किया जा सकता है। यह निर्णय यह भी दर्शाता है कि कैसे संविधान को समुदायों को अपने भविष्य को आकार देने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। संविधान केवल अधिकारों की रक्षा नहीं करता; यह सामाजिक और शैक्षणिक उन्नति के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करके राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले के माध्यम से, इन अधिकारों की पुष्टि करके अल्पसंख्यक समुदायों को प्रभावी ढंग से सशक्त बनाया है, इस प्रकार सामाजिक प्रगति और न्याय के एक शक्तिशाली साधन के रूप में संविधान की भूमिका को मजबूत किया है। भारत के लोकतंत्र के सबसे बुनियादी पहलुओं में से एक कानून के समक्ष समानता का विचार है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित यह सिद्धांत यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक व्यक्ति - धर्म, जाति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना - न्यायपालिका द्वारा समान व्यवहार किया जाता है। सर्वोच्च न्यायालय का हालिया निर्णय इस सिद्धांत की क्रियाशीलता का एक ज्वलंत उदाहरण है। शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने के अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकार को दोहराकर, न्यायालय ने दिखाया है कि वह राजनीतिक और सामाजिक पूर्वाग्रहों से ऊपर उठकर काम करता है, यह सुनिश्चित करता है कि समुदाय की परवाह किए बिना सभी नागरिकों को न्याय उपलब्ध हो। कानून के समक्ष समानता एक कानूनी अवधारणा से कहीं अधिक है; यह भारत के मूल मूल्यों का प्रतिबिंब है। अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिम समाज के लोगों को यह समझना होगा कि संविधान का रास्ता ही अंतिम और सच्चा रास्ता है। राजनेताओं के निहित स्वार्थों में फँसकर अपने और अपने क़ौम को बर्बाद करने और अराजकता की ओर मुड़ने के बजाय न्याय और शांति का दामन थामकर, लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास बढ़ाकर ही अपना और अपने मुल्क को विकास के पथ पर अग्रसर कर सकते है। स्वाधीनता आंदोलन के संघर्ष और आज़ादी के लड़ाई के प्रसव पीड़ा से उद्भूत "भारत का संविधान" और इसमें अंतर्निहित मूल्य समाज के सभी वर्गों और समूहों के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय को सुनिश्चित करते है बशर्ते कि वो समूह और वर्ग इस मुल्क के संविधान और न्याय प्रणाली पर अपना पूरा विश्वास रखे।

(प्रो बंदिनी कुमारी, लेखिका समाज शास्त्र की प्रोफेसर हैं और उत्तर प्रदेश के डिग्री कॉलेज में कार्यकर्ता हैं.)


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❑ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम

पॅनल्स ऑफ डॉक्टर्स



डॉ. आकांशा रा. गुप्ता
B.A.M.S, MD, (A.M) C.C.H, C.G.O, C.V.D



डॉ. पारुल मोहित गुप्ता
B.A.M.S, PG-DEMS NDDY, CCNY, CCHC



डॉ. रचना मयूर गुप्ता
B.A.M.S, MD,



डॉ.अतुल तेलरांदे
B.A.M.S, MD, M.I.S.R (Mum), C.C.H, C.G.O, C.S.D, C.V.D



डॉ. विनोद तिवारी
बी.ए.एम.एस, पी.ओ.डी.

मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सांस (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

## अक्षय सोनटक्के भाजपा कामगार मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**वरोरा, मनोज गोरे**



वरोरा के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय सोनटक्के को भारतीय जनता पार्टी कामगार मोर्चा के चंद्रपुर जिला उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। अक्षय सोनटक्के हमेशा सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहे हैं। वह विदर्भ प्रदेश तेली समाज सेवा संघ और अखिल भारतीय पिछड़ा महासंघ के चंद्रपुर जिला अध्यक्ष हैं।

वह गोल्डन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष और श्री स्वामी समर्थ सहकारी बैंक के अध्यक्ष भी हैं। उनके पास वरोरा की रानी समिति की अध्यक्षता की भी जिम्मेदारी है। उन्हें युवा ऊर्जावान और सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ताओं के रूप में देखा जाता है।

उनके कार्यों को देखते हुए जिला अध्यक्ष उमेश बोधेकर ने उन्हें कामगार मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। आशा है कि वह वरोरा तालुका के कार्यकर्ताओं के साथ न्याय करेंगे और उनकी नियुक्ति की व्यापक सराहना की जा रही है।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात की मौत

> चिरादेवी गांव के पास की घटना



**भद्रावती.** 12 तारीख की सुबह तालुका के चिरादेवी गांव के पास रेलवे लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत की घटना सामने आई थी. उक्त मृतक की उम्र 45 से 50 वर्ष के बीच है, उसने टी-शर्ट पहन रखी है और अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद भद्रावती पुलिस ने मौके पर जाकर घटना का पंचनामा बनाया और रिपोर्ट दर्ज की. भद्रावती पुलिस ने भद्रावती पुलिस स्टेशन से अपील की है कि यदि उक्त व्यक्ति की पहचान हो या क्षेत्र में इस आयु वर्ग का कोई व्यक्ति लापता हो तो भद्रावती पुलिस स्टेशन से संपर्क करें. भद्रावती पुलिस घटना की आगे की जांच कर रही है।

## एआईडी एडवांटेज विदर्भ परिषद

> औद्योगिक विकास की दिशा और युवाओं के भविष्य को परिभाषित करने का एक तरीका है.
> एमआईडीसी एसोसिएशन की ओर से एआईडी-एडवांटेज विदर्भ परिषद की जानकारी देने के लिए बैठक का आयोजन.

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**





एआईडी -एडवांटेज विदर्भ परिषद 2025 के संबंध में जानकारी एमआईडीसी एसोसिएशन की ओर से जानकारी देने के लिए विधायक किशोर जोरग़ेवार ने सुझाव दिया है कि यह असंगठित कार्यक्रम कोई औपचारिकता नहीं है , बल्कि हमारे क्षेत्र के औद्योगिक विकास की दिशा और युवाओं के भविष्य को निर्धारित करने का एक तरीका है।

एमआईडीसी एसोसिएशन की ओर से 2025 में नागपुर में आयोजित होने वाले एआईडी-एडवांटेज विदर्भ परिषद के संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए बैठक का आयोजन चांदा क्लब में किया गया. इस अवसर पर विधायक किशोर जोरग़ेवार ने उद्योग के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये. इस अवसर पर विधायक किशोर जोरग़ेवार ने एमआईडीसी एसोसिएशन की ओर से विधानसभा चुनाव जीत के बाद सम्मानित किया गया इस अवसर पर एमआईडीसी एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुसूदन रुंगथा, कीर्तिवर्धन दीक्षित, उद्यमी कल्पना पलीकुंडवार, विनोद दत्तात्रेय, अशोक जीवतोड़े प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

एआईडी फोरम के माध्यम से रोजगार सृजन, औद्योगिक प्रगति और आर्थिक स्थिरता हासिल करने का काम जारी है। इस संबंध में औद्योगिक महोत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से एक नया मंच तैयार किया जा रहा है। औद्योगिक प्रगति को नया आयाम देने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करें , युवाओं को नए अवसर प्रदान करें और समाज की समग्र प्रगति को गति दें। इस वर्ष 2025 में नागपुर में आयोजित होने वाले महोत्सव का मुख्य उद्देश्य यही है। इसके लिए इंडस्ट्रियल एक्सपो , बिजनेस कॉन्क्लेव और इन्वेस्टमेंट समिट जैसे आयोजन किए गए , जिनके जरिए आयोजकों ने उद्यमियों , प्रौद्योगिकीविदों और स्थानीय प्रतिनिधियों के बीच संवाद बनाने की कोशिश की।

इस कार्यक्रम में बोलते हुए जोरग़ेवार ने कहा कि सभी को एक साथ आकर औद्योगिक विकास को गति देनी चाहिए. प्रौद्योगिकी का उचित उपयोग , नए रोजगार सृजन के अवसर और समाज के सभी वर्गों को मुख्यधारा में लाने में हम सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विधायक किशोर जोरग़ेवार ने विश्वास जताया कि एआईडी फोरम की पहल और आपके सहयोग से हमारे क्षेत्र का औद्योगिक विकास , आर्थिक स्थिरता और सामाजिक उत्थान होगा.

नामदार नितिन गडकरी दूरदर्शी नेता हैं. उनके कार्यकाल में देश ने कई असंभव दिखने वाली परियोजनाओं को पूरा किया है। उनकी परियोजनाओं के कारण देश विकास की ओर गतिशील रूप से आगे बढ़ रहा है। देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उनके द्वारा उठाया गया सफल कदम भारत को सशक्त बना रहा है। उनके मार्गदर्शन में एआईडी फोरम की स्थापना की गई है और यह संस्था विदर्भ की औद्योगिक प्रगति के लिए लगातार काम कर रही है।

द्वितीय एडवांटेज विदर्भ परिषद (2025) का आयोजन 7 से 9 फरवरी 2025 तक अमरावती मार्ग के पास राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के मैदान में किया जा रहा है। सम्मेलन में एक औद्योगिक एक्सपो, बिजनेस कॉन्क्लेव और निवेश शिखर सम्मेलन शामिल है । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विदर्भ में निवेश आकर्षित करना , क्षेत्र के औद्योगिक विकास में तेजी लाना और विदर्भ को नवाचार और सतत विकास के केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है ।

इस आयोजन से चंद्रपुर को काफी उम्मीदें हैं. चंद्रपुर जिला पर्यटन की दृष्टि से विकसित हो रहा है. चंद्रपुर जिला एक औद्योगिक जिला है। इस जिले में इस्पात कंपनियाँ , सीमेंट उद्योग, कोयला खदानें स्थित हैं। अब इसी तरह के अन्य उद्योग यहां शुरू होने चाहिए। इस मौके पर विधायक किशोर जोरग़ेवार ने कहा कि लौह अयस्क पर आधारित उद्योग यहां आने चाहिए . कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्यमियों ने भाग लिया।



## मानव धर्म के भक्तों का समागम

> हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हुआ सामूहिक हवन अनुष्ठान

**चिमूर.**

परम पूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर एवं शंकरपुर की ओर से मानव धर्म के सेवकों का विशाल समागम एवं सामूहिक एकता का हवन रविवार 12 जनवरी को शंकरपुर आठवड़ी बाजार के प्रांगण में आयोजित किया गया। मानव धर्म के संस्थापक बाबा जुमदेवजी के त्याग, जिन्होंने लोगों को सुखी जीवन जीने की प्रेरणा दी तथा अनेक बुरी लतों और अंधविश्वासों को दूर किया, इसके बारे में जानकारी दी गई। उनकी शिक्षाओं के अनुसार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परमपूज्य के अध्यक्ष राजू मदनकर ने की।

परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन प्रवीण उराडे ने किया। कार्यक्रम में मनोहर देशमुख, सूरजलाल अंबुले, मोरेश्वर गभने, फकीरा जिभकाटे, टीकाराम भेंडरकर, वासुदेव पडोले, संजय महाकालकर, विट्ठल शिरसागर आदि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पूर्व इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सतीश वारजुकर, सरपंच सैश वारजुकर, हीरापुर सरपंच मंडा थे। उरकुडे आमोद गौरकर रमेश धनजोडे उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सुबह हीरापुर से शंकरपुर तक आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। दोपहर के बैठक में भागवत कार्य पर चर्चा की गई, जिसमें पदाधिकारियों ने मार्गदर्शन किया। शाम को श्रीकांत वैद्य द्वारा ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के लिए सभी सेवकों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। शंकरपुर नगर को सजाया गया। कार्यक्रम में हजारों भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम शेंडे, रवि वाघे, भूपेश ने किया। हजारे द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा परिचय रितेश बावनकर द्वारा किया गया।

## अखिल भारतीय कबड्डी टूर्नामेंट का भव्य समापन

> पुरुष वर्ग में जबलपुर और महिला वर्ग में जानेफल विजेता रही

**चंद्रपुर.**



जयहिन्द क्रीड़ा मंडल वरोरा की ओर से सांसद बालूभाऊ धानोरकर की स्मृति में ख़ासदार कप 2025 ऑल इंडिया ओपन कबड्डी मैच 10, 11 और 12 जनवरी को कृषि उपज मंडी समिति मैदान पर आयोजित किए गए।

तीन दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व मंत्री शिवाजीराव मोघे, सांसद प्रतिभा धानोरकर, विधायक सुधाकर अदबले, पूर्व विधायक वामनराव कासावार ने किया। उक्त प्रतियोगिता के लिए देशभर से विभिन्न राज्यों से खेल मंडलों का आगमन हुआ. इसमें कुछ प्रो-कबड्डी खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया. इस रोमांचक प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार स्टार एकेडमी जबलपुर को मिला जबकि द्वितीय पुरस्कार राजपूत स्पोर्ट जानेफल को मिला। सरकार ग्रुप और एन.जी. एकेडमी सोनीपत ने तीसरा पुरस्कार जीता। महिला वर्ग में राजपूत स्पोर्ट जानेफल ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया जबकि आर.टी.एम. नागपुर उपविजेता रहा। तो, सेवा लाल क्रीड़ा मंडल देवथान और साईं क्रीड़ा मंडल काटोल ने तीसरा पुरस्कार जीता। पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दुर्गेश नैताम जबलपुर को बुलेट से सम्मानित किया गया। महिला ग्रुप में ई-स्कूटी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा खिलाड़ियों को हजारों रुपये के व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए गए। जय हिंद स्पोर्ट्स बोर्ड के अध्यक्ष प्रवीण काकड़े, सचिव कासिफ खान और बोर्ड के कई अधिकारियों के टीम प्रयास से उक्त प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।




## चंद्रपुर से होगा ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ शंखनाद

> जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-2025 का आयोजन.
> मुनगंटीवार ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन की समीक्षा

**चंद्रपुर.**



16, 17 और 18 जनवरी, 2025 को चंद्रपुर में आयोजित होने वाले 'जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन -2025' के अवसर पर, चंद्रपुर से ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ शंख बजाया जाएगा। राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन मंत्री का मानना है कि, चंद्रपुर जलवायु परिवर्तन के लिए सी फॉर क्लाइमेट चेंज के संबंध में नीति निर्माण में बहुत योगदान देगा। सुधीर मुनगंटीवार ने सोमवार, 13 जनवरी को पर्यावरण प्रेमियों से अनुरोध किया है कि वे बड़ी संख्या में इस सम्मेलन में शामिल हों।

सोमवार, 13 जनवरी को मुनगंटीवार ने तैयारियों का जायजा लिया. इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 170 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किये जायेंगे, वैश्विक जलवायु विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, महिला सशक्तिकरण एवं युवा नेतृत्व संवर्धन आदि गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। इस मौके पर उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देगी. एसएनडी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. उज्वला चक्रदेव (वर्चुअल मोड), प्रभारी कलेक्टर विवेक जॉनसन, मनपा आयुक्त विपीन पालीवाल, एसएनडीटी बल्लारपुर परिसर निदेशक डॉ. राजेश इंगोले एवं अधिकारी उपस्थित थे।

16 जनवरी को दोपहर 3 बजे महामहिम राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन पर चिंतन के लिए इस सम्मेलन का आयोजन किया गया था. उन्होंने कहा कि, 'पर्यावरण संरक्षण अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी काम जरूरी है. राज्य में न केवल चंद्रपुर बल्कि जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, पर्यावरण संरक्षण हर क्षेत्र के लिए एक स्थायी समिति बनाने का निर्णय लिया गया है ऐसी जानकारी मुनगंटीवार ने दी.

इस सम्मेलन की योजना तब बनी थी जब मैं वन मंत्री था। इसका उद्घाटन 16 जनवरी को होगा. इसमें महामहिम राज्यपाल के साथ डॉ. राजेंद्र सिंह जैसे पर्यावरण विशेषज्ञ भी हिस्सा लेंगे. ऐसी भी जानकारी है कि इसमें अमेरिका समेत अन्य देशों के पर्यावरण विशेषज्ञ भी शामिल होंगे.

हमारे साथ देश के सभी पर्यावरण प्रेमी, एनएनडीटी विश्वविद्यालय मिलकर सरकार को पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक कार्यक्रम देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि न सिर्फ पौधारोपण बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी व्यापक कार्य करने का विचार प्रस्तावित किया जायेगा. राज्य के सभी पर्यावरण संरक्षण एनजीओ को जोड़ने के लिए एक मोबाइल ऐप बनाया गया है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर संगठन एवं व्यक्ति इसमें भाग ले सकते हैं।

**फॉरेस्ट एकेडमी में होगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन.**

तीन दिवसीय 'जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-2025' का आयोजन 16 से 18 जनवरी, 2025 तक चंद्रपुर के वन अकादमी में किया जाएगा। एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय, मुंबई को सिटी यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क, यूएसए से अकादमिक समर्थन प्राप्त हुआ है। साथ ही, सम्मेलन का आयोजन महाराष्ट्र सरकार के मैंग्रोव फाउंडेशन, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला प्रशासन, चंद्रपुर नगर निगम, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी, इकोलॉजिकल सोसाइटी, पुणे और चंद्रपुर वन अकादमी के संयुक्त सहयोग से किया गया है।



# कंगना ने रोम-कॉम मूवीज से क्यों बनाई दूरी?

कंगना रनौत अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म से एक्ट्रेस निर्देशन की दुनिया में भी कदम रखने वाली हैं। वहीं विवादों के बाद फाइनली उनकी मूवी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। एक्ट्रेस 'क्वीन', 'तनु वेड्स मनु','कट्टी-बट्टी' और 'सिमरन' जैसी रोम-कॉम मूवीज से दर्शकों को एंटरटेन कर चुकी हैं। हाल ही में बॉलीवुड लाइफ को दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो अब रोम-कॉम मूवीज क्यों नहीं करती हैं? आइए आपको भी बताते हैं एक्ट्रेस क्या-कुछ बोलीं।

कंगना की मूवी 'इमरजेंसी' रिलीज से पहले ही काफी सुर्खियां बटोरी चुकी है। कंगना मूवी में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। इसमें पूर्व प्रधानमंत्री के कार्यकाल की कुछ चीजें दिखाई गई हैं। वहीं मूवी के ट्रेलर पर पहले बवाल हो चुका है, जिसके बाद मेकर्स ने एडिटिंग के बाद नया ट्रेलर रिलीज किया। अब फाइनली ये मूवी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं हाल ही में एक्ट्रेस ने इस मूवी की थिएटर रिलीज को गलती बताया था। उनका कहना था कि इसे ओटीटी रिलीज करते तो इतना बवाल नहीं होता।

वहीं अब बॉलीवुड लाइफ को कंगना ने इंटरव्यू दिया है। साथ ही बताया कि अब उन्होंने रोम-कॉम मूवीज से दूरी क्यों बना ली है। उन्होंने कहा कि हर चीज की एक उम्र होती है। एक समय था जब मैं फैशन और क्वीन जैसी मूवीज करते हुए अच्छी लगती थी। अब मैं ऐसे रोल्स करते हुए अच्छी नहीं लगूंगी। अब मैं बड़ी हो गई हूं और मेरे प्रति जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। लड़कियां अब मुझे एम्पावरमेंट से जोड़ती हैं और मेरी भी कोशिश रहती है कि मैं उनकी उम्मीदों पर खरी उतर पाऊं। पहले और अब के टाइम में काफी बदलाव आ गया है।

कंगना बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग और बेबाक अंदाज के लिए काफी मशहूर हैं। उन्होंने 'तनु वेड्स मनु', 'क्वीन', 'फैशन', 'गैंगस्टर', 'मणिकर्णिका' जैसी कई बेहतरीन मूवीज में काम किया है। लोकसभा चुनाव 2024 में एक्ट्रेस ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से जीत हासिल की और बीजेपी सांसद बन गईं।

# मसाबा गुप्ता ने रिवील किया बेटी का नाम

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता की बेटी और फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता ने 3 महीने बाद अपनी बेटी का नाम रिवील किया है। लोहड़ी के खास दिन पर मसाबा ने अपनी और एक्टर सत्यदीप मिश्रा की बेटी की पहली झलक के साथ उनका नाम भी बताया है। मसाबा और सत्यदीप ने भी बॉलीवुड सेलेब्स की राह पर चलते हुए बेबी गर्ल को बहुत ही यूनिक नाम दिया है और उसका मतलब तो और भी खास है। मसाबा गुप्ता ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें उनका और उनकी बेटी का हाथ नजर आ रहा है। मसाबा ने



हाथ में एक कड़ा पहना हुआ है, जिस पर 'मतारा' लिखा हुआ है। मसाबा ने अपनी नन्ही परी का नाम 'मतारा' लिखा है, जिसका मतलब भी नाम की तरह ही खूबसूरत है।

मसाबा ने फोटो के साथ कैप्शन में नाम के बारे में कुछ जानकारी भी फैंस के साथ शेयर की है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मतारा के साथ मेरे तीन महीने। यह नाम 9 हिंदू-देवियों की ऊर्जा को दर्शाता है। जो उनकी शक्ति और ज्ञान को जश्न मनाता है। साथ ही हमारी आंखों का तारा भी है।'

बता दे कि 'मतारा' एक हिंदू नाम है और इसका संस्कृत में अर्थ मां या नर्स होता है और दूसरी तरफ पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह माता दुर्गा का दूसरा नाम है, जो मां के प्यार और सुरक्षा का प्रतीक है। वैसे मसाबा के अलावा कई सेलेब्स ऐसे हैं, जिन्होंने बच्चों के नाम देवी-देवताओं के नाम पर रखे हैं।

# गेम चेंजर का बिगड़ा खेल

साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म गेम चेंजर की हालत बॉक्स ऑफिस पर बिगड़ती नजर आ रही है.फिल्म की कमाई बढ़ने के बजाए हर दिन घट रही है। डायरेक्टर एस शंकर की 450 करोड़ के बजट वाली फिल्म का कलेक्शन देख कहा जा रहा है कि फिल्म को अपनी लागत निकालना भी मुश्किल होगा. इसी बीच फिल्म गेम चेंजर का ओपनिंग वीकेंड का कलेक्शन का आंकड़ा सामने आ गया है. हालांकि, जो आंकड़ा सामने आया है वो काफी चौंकाने वाला है.प्रीडिक्शन के हिसाब से फिल्म कमाई नहीं कर पा रही है. रिपोर्ट्र्स की मानें तो फिल्म ने तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 17 करोड़ ही कमा पाई, यानी फिल्म को संडे की छुट्टी का भी खास फायदा नहीं मिला. राम चरण की मोस्ट अवेटेड फिल्म गेम चेंजर 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम के साथ हिंदी में भी रिलीज किया गया.फिल्म ने पहले दिन 51 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं, दूसरे दिन फिल्म की कमाई घट गई और 21.6 करोड़ का ही बिजनेस हुआ. वहीं, संडे यानी तीसरे दिन तो फिल्म का और बुरा हाल रहा. मूवी 17 करोड़ ही कमा पाई. तीन दिन में फिल्म 89.60 करोड़ का कलेक्शन ही कर पाई. इस हिसाब से फिल्म इंडियन बॉक्स ऑफिस पर 3 दिन में 100 करोड़ भी नहीं कमा पाई. वहीं, फिल्म ने तेलुगु में 61.75 करोड़, तमिल में 5.02 करोड़, हिंदी में 22.5 करोड़, कन्नड़ में 0.3 करोड़ और मलयालम में 0.03 करोड़ ही कमा पाई है. फिल्म गेम चेंजर के बारे में राम चरण की फिल्म गेम चेंजर को कार्तिक सुब्बराव ने लिखा है। ये उनकी 15वीं फिल्म है. वहीं, डायरेक्शन की कमाल एक शंकर ने संभाली, जो रोबोट जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बना चुके हैं. फिल्म एक पॉलीटिकल ड्रामा है, जिसमें राम चरण डबल रोल में है और उनके साथ कियारा आडवाणी और अंजली लीड रोल में है.

# करणवीर मेहरा का गेम स्टार्स को काफी पसंद आ रहा



-'मिट्टी के तेल' का गेम देख बने फैन

बिग बॉस 18 फिनाले के बेहद करीब आ गया है। ऐसे में अब कंटेस्टेंट्स के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। बीते एपिसोड में चाहत पांडे घर से बेघर हो गई हैं। वहीं करणवीर मेहरा की गेम ऑडियंस के साथ-साथ स्टार्स को भी काफी पसंद आ रही है। घर में करण को 'मिट्टी के तेल' का टाइटल मिला हुआ है, क्योंकि अक्सर वो दूसरे कंटेस्टेंट्स के बीच आग लगाते नजर आते हैं। वहीं फैंस को उनका ये गेम पसंद भी आ रहा है। हाल ही में इंडस्ट्री के 5 स्टार्स ने करणवीर मेहरा को सपोर्ट किया। साथ ही उनके गेम को बाकी सदस्यों के मुकाबले स्ट्रॉन्ग भी बताया। अब ये तो आने वाले टाइम में ही पता चल पाएगा कि करण को इसका फल मिलता है या नहीं। फिलहाल हम आपको ये बताते हैं कि कौन-कौन से सितारे करणवीर के सपोर्ट में उतरे हैं।

बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर दीपक तिजोरी ने हाल ही में करणवीर मेहरा को सपोर्ट करते नजर आए। साथ ही उन्होंने करण को सीजन का हीरो भी बताया। वहीं मेकर्स को पक्षपात करने के लिए भी जमकर फटकार लगाई। ये पहली बार नहीं है जब दीपक ने करण की तारीफ की है। इससे पहले भी वो करण की गेम का सपोर्ट कर चुके हैं। हिना खान ने शो में आकर करणवीर मेहरा की गेम की तारीफ की थी। वहीं हिना करण को खुलकर सपोर्ट करती हुई भी नजर आई थीं। एक्ट्रेस ने ये भी कहा था कि करण में शो जीतने की खूबी है। हिना ने करण को गेम सुधारने के लिए भी सलाह दी थी।

बिग बॉस 18 के विनर रह चुके गौतम गुलाटी ने भी करणवीर मेहरा की गेम की तारीफ की थी। यहां तक की गौतम ने करण को शो का विनर तक बता दिया। करण की एक पोस्ट पर कुछ लोग कमेंट कर रहे थे उसी कमेंट बॉक्स में गौतम ने लिखा था, 'मैं उन्हें अच्छे से नहीं जानता, लेकिन शो में उनका एटीट्यूड एक विनर का ही है।'

# 54 की उम्र में डेट कर रहीं मनीषा कोइराला?



रविवार को एंटरटेनमेंट की दुनिया में काफी चीजें हुईं. मनीषा कोइराला इंडस्ट्री की दिग्गज एक्ट्रेस में शुमार हैं. एक्ट्रेस कुनिका सदानंद बॉलीवुड से लेकर टीवी की दुनिया तक में अपनी पहचान बना चुकी हैं. अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा इन दिनों आईआईएम अहमदाबाद में अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं.

एक्ट्रेस माही विज आज भले ही टीवी स्क्रीन्स दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वो काफी एक्टिव रहती हैं.

मनीषा कोइराला इंडस्ट्री की दिग्गज एक्ट्रेस में शुमार हैं. अपनी खूबसूरती और दमदार एक्टिंग को लेकर उन्होंने हमेशा फैंस का दिल जीता है. एक्ट्रेस कुनिका सदानंद बॉलीवुड से लेकर टीवी की दुनिया तक में अपनी पहचान बना चुकी हैं. वो आज भी कई शोज का हिस्सा हैं.

# अनुष्का का एटीट्यूड देख भड़के यूजर्स

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा लंबे समय से फिल्मी दुनिया से दूर अपने परिवार की देखभाल में बिजी हैं। हाल में ही अनुष्का अपने पति विराट कोहली और दोनों बच्चों अकाय और वामिका के साथ प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन के लिए पहुंची थीं ,जहां से उनके कई तस्वीरें वायरल हुई थीं। अब अनुष्का का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसे देखने के बाद सोशल मीडिया पर लोग उनको बुरी तरह से ट्रोल कर रहे हैं।



अनुष्का शर्मा और विराट कोहली का नया स्पॉटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो है। दरअसल, 12 जनवरी को कपल को गेटवे ऑफ इंडिया पर देखा गया, जहां से वो अलीबाग के लिए रवाना हुए। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों अपनी कार से जेटी की तरफ जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान दोनों ने ही काफी कैजुअल आउटफिट पहने हुए हैं। वीडियो में अनुष्का शर्मा और विराट कोहली कार रुकती है और तभी एक शख्स आकर उनके लिए गेट खोलता है। कार से उतरकर अनुष्का-विराट जैसे ही पैपराजी के आगे से जाते हैं, तो वो लोग उनको गुड मॉर्निंग विश करते है, लेकिन इस दौरान अनुष्का अजीब का मुंह बनाकर सीधे अंदर की तरफ जाती हैं, हालांकि विराट कोहली पैपराजी को जवाब में हेलो बोलते हैं। पैपराजी के साथ अनुष्का के इस बर्ताव को देखकर सोशल मीडिया पर यूजर्स भड़क गए हैं और वो खरी-खोटी सुना रहे हैं। अनुष्का शर्मा के इस वीडियो पर ट्रोलर्स रिएक्ट कर रहे हैं और यूजर ने कमेंट कर लिखा, 'इतना रुड व्यवहार',दूसरे यूजर ने लिखा, 'कैसी स्पिरिचुअलिटी ??? यदि वो उन लोगों के लिए विनम्र नहीं हैं जो उनका वेलकम करते हैं।' तीसरे यूजर ने कमेंट कर बोला, 'अनुष्का का एटीट्यूड कोहली के स्ट्राइक रेट से भी ज्यादा अच्छा है।' एक और यूजर ने लिखा, 'एटीट्यूड प्रॉब्लम जान भावना की समझ नहीं है और साधु महात्माओं के द्वार पे जाना है, भगवान कहते है की मेरे पास आने से पहले मन साफ और विचार शुद्ध करके आओ। मंदिर मंदिर भटकने से कुछ नहीं होगा।'

# डाकुओं पर बनी 4 फिल्में पर्दे पर करेंगी धमाल

## 1 में दांव पर लगा 2 स्टारकिड का करियर

बॉलीवुड में एक बार फिर डाकुओं का जमाना लौटने वाला है। पहले कई बार हिंदी सिनेमा में डाकुओं की कहानी पर्दे पर दिखने को मिली है, मगर लंबे समय से डकैतों पर बनी कहानी पर्दे पर नजर नहीं आई है। मगर अब लगता है कि एक बार फिर मेकर्स ने डाकुओं पर बनी कहानी लेकर दर्शकों के बीच लौंटने का मन बना लिया है। 2025 में 4 ऐसी फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनकी कहानी डाकू पर बनी है। आइए आपको इन 4 फिल्मों के नाम और उनकी स्टारकास्ट के बारे में बताते हैं।

इस लिस्ट में पहला नाम 'डाकू महाराज' का है, जो एक तेलुगु फिल्म है। इस में तेलुगु सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण डाकू के रोल में है और उनके अलावा फिल्म में बॉलीवुड स्टार्स उर्वशी रौतेला और बॉबी देओल अहम रोल में है। एनिमल और कंगुआ के बाद इस फिल्म में भी बॉबी विलेन के रोल में हैं।



**यश :** साल 2025 में 'यश' नाम की एक फिल्म आने वाली है, जिसमें अरशद वारसी और प्रतीक गांधी मुख्य किरदार में दिखाई देंगे। इस फिल्म को जाने-माने फिल्म डायरेक्टर तिग्मांशु धूलिया बना रहे हैं और यह एक कॉप-डकैत ड्रामा होने वाली है, जिसमें पुरानी फिल्मों में नजर आने वाले मशहूर ददुआ डकैत का किरदार अरशद निभाएंगे।

**डकैत:द लव स्टोरी :** इसके बाद एक और तेलुगु फिल्म 2025 में आने वाली है, जिसका नाम ही 'डकैत:द लव स्टोरी' है। शनि देव इस फिल्म के डायरेक्टर हैं और इसमें अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर और श्रुति हासन जैसे स्टार्स लीड रोल में हैं। इस फिल्म की पहली झलक सामने आ चुकी है और फिल्म के नाम से ही साफ है कि इस फिल्म में एक डकैत की प्रेम कहानी पर्दे पर देखने को मिलने वाली **है।**


**आजाद :** अब बारी आती है, साल 2025 में आने वाली डाकु पर आधारित उस फिल्म की। जिसमें 2 स्टारकास्ट का करियर दांव पर लगा है, इस फिल्म का नाम 'आजाद' है। अजय देवगन स्टारर 'आजाद' से रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी और अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन अपना एक्टिंग डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है और यह फिल्म 17 जनवरी के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# रश्मि देसाई ने शेयर की टीकू की हेल्थ अपडेट

पार्टनर' और 'धमाल' जैसी हिट फिल्मों के एक्टर टीकू तलसानिया अपनी सेहत को लेकर चर्चा में हैं। 10 जनवरी को उन्हें ब्रेन स्ट्रोक आने के बाद शनिवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहले खबर आई थी कि उन्हें हार्ट अटैक हुआ है। इसके बाद एक्टर की पत्नी दीप्ति तलसानिया ने क्लियर किया कि उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ है।

अब टीवी एक्ट्रेस रश्मि ने टीकू का हेल्थ अपडेट देते हुए मीडिया से बात की है। आइए जानते हैं कि उन्होंने क्या कहा है।टीकू तलसानिया शुक्रवार को एक्ट्रेस रश्मि देसाई की गुजराती फिल्म 'मॉम तने नई समझ' की स्क्रीनिंग में पहुंचे थे। इस दौरान करीब रात 8 बजे उनकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। उनकी पत्नी दीप्ति तलसानिया ने मीडिया से बात करते हुए बताया था कि स्क्रीनिंग के दौरान उन्हें बेचैनी और दर्द महसूस होने लगा था। इसके बाद उन्हें अफरा-तफरी में तुरंत अस्पताल ले जाया गया। वहां बताया गया कि एक्टर को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। उन्होंने कहा था, "टीकू को हार्ट अटैक नहीं, बल्कि ब्रेन स्ट्रोक हुआ है। वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनकी स्थिति स्थिर है।"

टीकू तलसानिया की हेल्थ को लेकर अब रश्मि देसाई ने अपडेट दिया है। एक्ट्रेस ने कहा, "उनसे मेरी मुलाकात बहुत अच्छी रही। जब मैं उनसे मिली, वह पूरी तरह ठीक थे। हालांकि, मेरी उनसे मुलाकात के करीब 15 मिनट बाद उनकी तबीयत खराब हो गई। मुझे खुशी है कि वह अब बेहतर स्थिति में हैं और डॉक्टरों की निगरानी में हैं।" रश्मि ने आगे कहा कि टीकू तलसानिया के परिवार को परेशान न करने की वजह से फिलहाल उन्हे कॉल नहीं किया है। साथ ही एक्ट्रेस ने फैंस और उनके शुभचिंतकों से एक्टर की सेहत को लिए प्रार्थना करने की अपील की है।



# रणबीर कपूर के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स?

रणबीर कपूर के लिए अगले कुछ साल बेहद धमाकेदार होने वाले हैं. इसके पीछे की वजह हैं वो प्रोजेक्ट्स, जिनसे वो जुड़े हुए हैं. साल 2023 के आखिरी महीने में उनकी एनिमल आई. इसके बाद साल 2024 में वो किसी भी पिक्चर में नजर नहीं आए. उनकी दो फिल्मों की रिलीज डेट आ चुकी है. पहली 'लव एंड वॉर', जिसकी शूटिंग में फिलहाल वो बिजी चल रहे हैं. वहीं दूसरी नितेश तिवारी की 'रामायण'. इसी बीच धूम 4 को लेकर बड़ा अपडेट मिल गया है. फिल्म में रणबीर कपूर तो फाइनल हैं, पर शूटिंग कब शुरू होगी, ये जान लीजिए.

रणबीर कपूर इस समय संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' पर काम कर रहे हैं. फिल्म का शूट फिलहाल मुंबई में चल रहा है. उनके साथ पिक्चर में विकी कौशल और आलिया भट्ट भी काम कर रही हैं. इसी बीच एक रिपोर्ट सामने आई. इससे पता लगा कि रणबीर कपूर 'धूम 4' की शूटिंग अगले साल यानी 2026 अप्रैल से शुरू कर देंगे.दरअसल रणबीर कपूर का 'धूम 4' में एकदम अलग लुक होने वाला है. ऐसे में उस फिल्म का शूट शुरू करने से पहले उन्हें बाकी सभी फिल्मों की शूटिंग खत्म करनी होगी, जिसमें 'लव एंड वॉर' और 'रामायण' शामिल है. हाल ही में आई रिपोर्ट से पता लगा कि फिलहाल 'धूम 4' के प्री-प्रोडक्शन का काम जारी है. वहीं प्रोडक्शन टीम कास्ट को फाइनल करने में बिजी है. दरअसल रणबीर कपूर के अपोजिट दो एक्ट्रेस को फिल्म में लिया जाएगा. दोनों ही बतौर फीमेल लीड नजर आएंगी.वहीं, दूसरी ओर मेकर्स रणबीर कपूर के अपोजिट साउथ फिल्म इंडस्ट्री के किसी विलेन को फाइनल करना चाहते हैं. फिलहाल यह पता नहीं लगा है कि वो किन नामों पर चर्चा कर रहे हैं. पर यह क्लियर हो गया है कि विलेन को साउथ सिनेमा से ही चुना जाएगा. कुल मिलाकर इस मामले में बॉलीवुड विलेन का पत्ता कटता नजर आ रहा है.

# वीमेन'स टी 20 वर्ल्ड कप का आगाज 18 से

**नई दिल्ली.**

आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 का आयोजन 18 जनवरी से 2 फरवरी तक मलेशिया में किया जाएगा। यह टूर्नामेंट का दूसरा संस्करण है, जिसमें 16 टीमों हिस्सा ले रही है। टूर्नामेंट में कुल 41 मैच खेले जाएंगे, इन टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया है।

दक्षिण अफ्रीका में 2023 में हुए पहले संस्करण में जीत दर्ज करने वाली गत विजेता भारत को मेजबान मलेशिया, श्रीलंका और वेस्टइंडीज के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। ग्रुप-बी में इंग्लैंड, आयरलैंड को पाकिस्तान और अमेरिका के साथ शामिल किया गया है। ग्रुप-सी में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका को नाइजीरिया और समोआ के साथ रखा गया है, जबकि ग्रुप-डी में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, नेपाल और स्कॉटलैंड शामिल हैं।

प्रत्येक टीम अपने ग्रुप की प्रत्येक अन्य टीम के साथ एक बार खेलेगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स लीग चरण में आगे बढ़ेंगी। ग्रुप-ए से आगे बढ़ने वाली टीमें ग्रुप-डी की




दो क्वालीफायर टीमों का सामना करेंगी, जबकि ग्रुप-बी की टीमें ग्रुप-सी की दो क्वालीफायर टीमों से मुकाबला करेंगी। ग्रुप चरण के दौरान अन्य क्वालीफाइंग टीमों के खिलाफ मैचों में अर्जित अंक सुपर सिक्स लीग चरण में भी लागू होंगे।

सुपर-6 चरण 25 से 29 जनवरी तक आयोजित होगा, जबकि सेमीफाइनल 31 जनवरी को पंडामारन में खेले जाएंगे। फाइनल मुकाबला रविवार 2 फरवरी को पांडामारन के बायूमास ओवल में खेला जाएगा। प्रत्येक सुपर सिक्स लीग से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसका फाइनल 2 फरवरी, को होगा।

### पहले दिन डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे

टूर्नामेंट के पहले दिन ग्रुप बी, सी और डी के बीच डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। इंग्लैंड का मुकाबला जोहोर में आयरलैंड से जबकि ग्रुप बी में पाकिस्तान का मुकाबला अमेरिका से होगा। समोआ का सामना नाइजीरिया से होगा और न्यूजीलैंड का सामना सारावाक में ग्रुप सी के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से होगा। ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत स्कॉटलैंड से होगी और बांग्लादेश का सामना सेलंगोर में ग्रुप डी के मुकाबलों में नेपाल से होगा ।

# खासदार खेल महोत्सव खो-खो प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

**नागपुर.**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की संकल्पना से आयोजित खासदार क्रीड़ा महोत्सव 2025 के तहत विदर्भ स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार, 12 जनवरी को मनकापुर स्टेडियम में धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा संपर्क प्रमुख ठाकरे उपस्थित थे। विशेष अतिथियों में खेल उपसंचालक शेखर पाटिल, प्रदीप मंडलेकर, विदर्भ खो-खो संघ के अध्यक्ष प्रा. सुहास पांडे, नागपुर जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष रविंद्र फड़नवीस और कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जोन क्र. 5 के पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें खेलों के माध्यम से अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाना चाहिए। संचालन डॉ. संजय चौधरी ने किया, जबकि कार्यक्रम का प्रारंभिक भाषण डॉ. पद्माकर चारमोडे ने दिया। इस आयोजन ने क्षेत्र में खो-खो के प्रति उत्साह और खिलाड़ियों की भावना को और भी मजबूत किया।

### इंडिया ओपन में भारत ने उतारा अपना सबसे बड़ा दल

**नई दिल्ली.**

भारत ने मंगलवार से नई दिल्ली में शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है और नजरें लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी। दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरूष युगल टीम ने 2022 इंडिया ओपन जीता था और 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरूआत की।

## साउथ अफ्रीका ने ताकतवर टीम का किया ऐलान

**नई दिल्ली.**

चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से होने वाला है और इससे पहले साउथ अफ्रीका ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है. टेंबा बावुमा टीम के कप्तान हैं और बड़ी खबर ये है कि दो बड़े मैच विनर खिलाड़ी लंबे समय के बाद टीम में वापसी करने में कामयाब रहे हैं. टीम में लुंगी एन्गिडी और एनरिक नॉर्खिया की वापसी हुई है. ये दोनों ही खिलाड़ी चोट की वजह से टीम से बाहर चल रहे थे लेकिन अब नॉर्खिया और लुंगी दोनों ही फिट हैं. साउथ अफ्रीका की टीम बेहद ताकतवर दिखाई दे रही है क्योंकि इस टीम में ऑलराउंडर्स की भरमार है. इस टीम का मिडिल ऑर्डर काफी ज्यादा पैक नजर आ रहा है.


टेंबा बावुमा, टोनी डी जॉर्जी, रासी वैन डर दुसां, एडेन मार्करम, हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, वियान मूल्डर, मार्को यानसन, कागिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एन्गिडी, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रेयान रिकल्टन, एनरिक नॉर्खिया. चैंपियंस ट्रॉफी में साउथ अफ्रीका लीग राउंड में तीन मुकाबले खेलेगी. उसके दो मैच कराची और एक मुकाबला रावलपिंडी में होगा. साउथ अफ्रीका का ग्रुप बेहद ही



मुश्किल है, क्योंकि इसमें इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीम भी है.

साउथ अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब 27 साल पहले अपने नाम किया था. 1998 में ये टूर्नामेंट पहली बार शुरू हुआ था और साउथ अफ्रीका इसी में विजेता बना था. इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में हुआ था और साउथ अफ्रीका ने फाइनल में वेस्टइंडीज को मात दी थी. उस मुकाबले में वेस्टइंडीज की टीम 245 रन बना पाई थी और साउथ अफ्रीका ने 47 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था. साउथ अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी के साउथ अफ्रीका ने इस खिताब को जीतने के बाद चार बार चैंपियन बनने का मौका गंवाया. ये टीम सेमीफाइनल में चार बार हारी है. अब साउथ अफ्रीकी फैंस को उम्मीद रहेगी कि ये टीम खिताब का सूखा खत्म करे.

# कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में केनिन को हराया



**नई दिल्ली.**

मैच के दौरान उन्होंने अपने शक्तिशाली सर्विस से प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को प्रभावित किया। उन्होंने मैच के दौरान 12 ऐस और 28 विनर लगाए। नौ डबल फॉल्ट के बावजूद सर्विस पर उनका दबदबा रहा। दूसरे दौर में गॉफ का मुकाबला ब्रिटेन की जोडी बर्रेज से होगा। अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने आत्मविश्वास के साथ शानदार कौशल का प्रदर्शन करते हुए सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल के पहले दौर में हमवतन सोफिया केनिन को हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली हैं। आज यहां रॉड लेवर एरिना में खेले गये मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने केनिन को 6-3, 6-3 से हराया।2023 यूएस ओपन चैंपियन गॉफ ने कहा, "मुझे पता था कि यह मुश्किल होने वाला है, लेकिन आप जानते हैं, मैंने जिस तरह से खेला उससे मैं खुश हूं।" गॉफ ने स्वीकार किया कि मेलबर्न की तेज धूप में सर्विस करते समय उन्हें परेशानी हो रही थी। गॉफ ने कहा, "मैं शायद दूसरी सर्विस बेहतर कर सकता था, लेकिन उस तरफ, मैं गेंद को देखने के लिए संघर्ष कर रहा था, इसलिए मैं खुश था कि मैं आज इससे निपटने में सफल रहा।" 74वीं रैंक की साहसी केनिन बिना किसी संघर्ष के नहीं हारी, लेकिन अपने छह ब्रेक-प्वाइंट अवसरों में से केवल एक को ही भुना सकी और गॉफ के 28 विजेताओं का उसके पास कोई जवाब नहीं था।दूसरे राउंड में गॉफ का मुकाबला 173वीं रैंकिंग वाली ब्रिटिश जोडी बर्रेज से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी शानदार फॉर्म में है, जिससे वह मेलबर्न पार्क में डबल डिफेंडिंग चैंपियन आर्यना सबालेंका के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है। यह जोड़ी सेमीफाइनल में भिड़ने के लिए तैयार है, जो 12 महीने पहले उनके पिछले चार मुकाबलों की पुनरावृत्ति होगी, जब बेलारूसी ने सीधे सेटों में जीत हासिल की थी।

20 वर्षीय गॉफ़ ने चाइना ओपन और सीज़न के अंत डब्ल्यूटीए टूर फ़ाइनल जीतकर 2024 का समापन शानदार ढंग से किया। उन्होंने उसी फॉर्म को ऑस्ट्रेलिया में अपनाया और यूनाइटेड कप में अपने सभी एकल मैच जीते, जिसमें दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्विएटेक को सीधे सेटों में हराना भी शामिल था। गॉफ ने शरद ऋतु में अपने यूएस ओपन डिफेंस के विफल होने के बाद कोच बदल दिए, ब्रैड गिल्बर्ट से नाता तोड़ लिया और अल्पज्ञात मैट डेली को शामिल किया।

## खो-खो विश्व कप का उद्घाटन



**इस टूर्नामेंट में 20 पुरुष और 19 महिला रिकॉर्ड भाग ले रही हैं। प्रतीक वायकर की अगुआई वाली भारत की टीम नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान के साथ ग्रुप ए में है।**

## अर्जुन पुरस्कार से प्रकाश का हौसला बुलंद


नई दिल्ली. पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने और प्रायोजक के हट जाने के कारण भारत के शीर्ष तैराकों में से एक साजन प्रकाश बेहद निराश थे। लेकिन पिछले सप्ताह अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित होने के बाद जैसे 31 वर्षीय प्रकाश की की उम्मीदों को नए पंख लग गए और उनकी तरणताल में वापसी की भावना फिर से जागृत हो गई। उन्होंने इस पुरस्कार को तैराकी की जीत बताया। वह पिछले पांच वर्षों से इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर रहे थे। प्रकाश ने पीटीआई से कहा, ''कई वर्षों के बाद तैराकी (सक्षम खिलाड़ियों के लिए) को कोई अर्जुन पुरस्कार मिला है। इसलिए यह एक तरह से इस खेल की जीत है।

# पहली बार आईसीसी के इन नियमों का होगा पालन

**नई दिल्ली.**

आईपीएल 2025 को लेकर बड़ी खबर सामने आई है।बीसीसीआई ने आईपीएल को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। आईपीएल के 2025 सीजन का आगाज 21 मार्च से होगा जिसमें क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का पालन किया जायेगा। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष और आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष राजीव शुक्ला ने ये जानकारी दी। राजीव शुक्ला के मुताबिक,आईपीएल का आगामी सीजन 23 मार्च से शुरू होगा लेकिन गवर्निंग काउंसिल के एक वरिष्ठ सदस्य ने स्पष्ट किया कि यह 20 या 21 मार्च को ही शुरू होगी। 2025 सीजन में 74 मैच खेले जाएंगे, जो पिछले तीन सीजन के समान ही हैं।आईपीएल के अगले सीजन के आगाज की तारीख सामने आ गई है। साथ ही टूर्नामेंट में ICC का बड़ा नियम लागू होने जा रहा है।आईपीएल 2025 को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। बीसीसीआई ने आईपीएल को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। आईपीएल के 2025 सीजन का आगाज 21 मार्च से होगा जिसमें क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का पालन किया जायेगा। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष और आईपीएल के पूर्व अध्यक्ष राजीव शुक्ला ने ये जानकारी दी। राजीव शुक्ला के मुताबिक, आईपीएल का आगामी सीजन 23 मार्च से शुरू होगा लेकिन गवर्निंग काउंसिल के एक वरिष्ठ सदस्य ने स्पष्ट किया कि यह 20 या 21 मार्च को ही शुरू होगी। 2025 सीजन में 74 मैच खेले जाएंगे, जो पिछले तीन सीजन के समान ही हैं।आईसीसी आचार संहिता का पालन करने का निर्णय रविवार, 12 जनवरी की बैठक के दौरान लिया गया। संचालन समिति के एक सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि आईपीएल में अब से लेवल एक, दो और तीन स्तर के उल्लघंन के लिए आईसीसी द्वारा स्वीकृत जुर्माना लगाया जाएगा। इससे पहले आईपीएल की अपनी आचार संहिता थी, लेकिन अब इसे आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार खेलने की शर्तों का पालन किया जाएगा।

# आईपीएल में नहीं मिला भाव



**नई दिल्ली.**

दुनियाभर के खिलाड़ियों की चाहत होती है कि वे आईपीएल में खेलें। हालांकि वे चुनिंदा खिलाड़ी ही होते हैं, जिन्हें ये मौका मिलता है। कितने ही खिलाड़ी आईपीएल के बड़े स्टार हो जाते हैं, लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आता है, जब उनकी डिमांड कम हो जाती है। तब उन्हें छोटी और सस्ती लीग भी सुहाने लगती हैं। ऐसा ही कुछ हाल आईपीएल चैंपियन खिलाड़ी डेविड वार्नर के साथ होता हुआ दिख रहा है। डेविड वार्नर को आईपीएल नीलामी में कोई भाव नहीं मिला था, इसलिए अब वे पीएसएल यानी पाकिस्तान सुपर लीग में खेलते हुए दिखाई देंगे। हालांकि उन्हें आईपीएल की तुलना में काफी कम रकम मिलेगी।

पाकिस्तान सुपर लीग के लिए ड्रॉफ्ट किया जा रहा है। पीएसएस में आईपीएल की तरह खिलाड़ियों की नीलामी नहीं होती है, उनका सिस्टम ही दूसरा है। इसमें जब डेविड वार्नर का नाम पुकारा गया तो उन्हें कराची किंग्स की टीम ने अपने पाले में कर लिया। ये पहली बार हो रहा है कि डेविड वार्नर पीएसएल में खेलेंगे। ये पाकिस्तान सुपर लीग का दसवां संस्करण होगा। बताया जा रहा है कि डेविड वार्नर को पीएसएल में खेलने के लिए करीब 2.3 करोड़ रुपये मिलेंगे, जो आईपीएल की तुलना में काफी कम हैं।


डेविड वार्नर ने साल 2014 में पहली बार आईपीएल खेला था, तब सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 5.50 करोड़ रुपये देकर अपने साथ किया था। ये सिलसिला साल 2017 तक जारी रहा। साल 2018 का आईपीएल मिल करने के बाद जब 2019 में उनकी वापसी हुई तो एसआरएच ने उन्हें 12.50 करोड़ रुपये देने का फैसला किया। ये बात और है कि इसके बाद वे ना केवल टीम की कप्तानी से हटाए गए, बल्कि टीम की प्लेइंग इलेवन से भी बाहर हो गए। साल 2022 में जब दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें अपने साथ किया तो वहां भी उन्हें 6.25 करोड़ रुपये मिले। इस बार की नीलामी में किसी भी टीम ने उनमें दिलचस्पी नहीं दिखाई और वे अनसोल्ड चले गए।

डेविड वार्नर पीएसएल में खेलेंगे तो लेकिन उन्हें उसके लिए उतनी रकम नहीं मिलेगी, जितनी की आईपीएल में मिल रही थी। खास बात ये भी है कि ये पहली बार होगा, जब आईपीएल और पीएसएल करीब करीब एक ही साथ हो रहे होंगे। पीसीबी ने भी ऐलान किया है कि पीएसएल का अगला सीजन फरवरी मार्च में खेला जाएगा, वहीं आईपीएल मार्च से शुरू हो जाएगा। डेविड वार्नर ने अपनी कप्तानी में ही सनराइजर्स हैदराबाद को एक बार आईपीएल का खिताब जिताया है, वहीं वे ऑस्ट्रेलिया के लिए विश्व कप भी जीतने में कामयाब रहे हैं।

# हारने के बाद सितसिपास का आया पहला रिएक्शन

नई दिल्ली.ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले ही राउंड में हारकर बाहर होने के बाद, स्टेफानोस सितसिपास निराश हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी रणनीति ठीक नहीं साबित हुई। जिसके तहत उन्होंने डबल्स से नाम वापस लेकर सिंगल्स पर ध्यान केंद्रित करना चाहा, लेकिन यह फैसला उनके खिलाफ ही चला गया। सितसिपास ने कहा, "यह बहुत बड़ी विडंबना है। मेरा मकसद था कि ऑस्ट्रेलियन ओपन में लंबा सफर तय करूं, लेकिन लगता है कि कर्मा ने मुझे सबक सिखा दिया।" सितसिपास चार सेट के मैच में 20 साल के अमेरिकी खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से हार गए। यह हार उनके लिए चौंकाने वाली थी क्योंकि मेलबर्न पार्क में वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं।

2023 में उपविजेता और तीन बार के सेमीफाइनलिस्ट सितसिपास ने सिंगल्स पर फोकस करने के लिए




अपने भाई पेट्रोस के साथ डबल्स से हटने का फैसला किया था। वह अपनी एनर्जी बचाकर टूर्नामेंट के अंत तक खेलना चाहते थे। लेकिन यह योजना अब फेल हो गई। सितसिपास ने स्वीकार किया, "मैं इस बार उस तरह का प्रदर्शन नहीं कर पाया, जैसा मैं चाहता था। पूरा मकसद था ऊर्जा बचाना और तरोताजा रहना। लेकिन यह काम नहीं आया।"

इस हार के बाद सितसिपास ने अपनी मानसिकता को लेकर भी आत्मचिंतन किया। उन्होंने कहा, "पहले मेरा दिमाग ज्यादा तरोताजा और जीत के लिए भूखा था। 2019 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में जब मैं रोजर फेडरर को हराकर सेमीफाइनल तक पहुंचा था, उस वक्त की ऊर्जा और उत्साह बिल्कुल अलग था।" हालांकि, सितसिपास ने यह भी माना कि उनका जुनून अब भी वही है, लेकिन उनकी सोच और स्थिरता में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, "पिछले कुछ सालों में मैंने अपने करियर को अच्छी तरह स्थापित किया है। अब ऊर्जा और सोच का तरीका थोड़ा अलग हो गया है। मैं अब बेहतर खिलाड़ी हूं, भले ही हार रहा हूं। 2025 का सीजन भी सितसिपास के लिए धीमा शुरू हुआ है। इस साल के पहले तीन मैचों में से दो में हारने के बाद वह अब तक फॉर्म के लिए जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा, "ग्रैंड स्लैम के पहले ही राउंड में हारने की सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि रिकवर करने के लिए कुछ ज्यादा ही समय मिल जाता है। आपको अगले टूर्नामेंट तक इंतजार करना पड़ता है।" हालांकि, इस हार के बावजूद सितसिपास अपने खेल को लेकर सकारात्मक हैं। उनका मानना है कि तकनीकी और रणनीतिक रूप से वह बेहतर हुए हैं।

## श्रेयस बने पंजाब के 17वें कप्तान

**नई दिल्ली.**

आईपीएल 2025 के लिए पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को कप्तान नियुक्त किया है। बिग बॉस सीजन-18 के शो में पंजाब के नए कप्तान के नाम का खुलासा हुआ। सलमान खान ने श्रेयस अय्यर के नाम का ऐलान किया। इसके साथ ही पंजाब की टीम ने आईपीएल के 18वें सीजन में 17वें कप्तान की घोषणा कर दी है। आईपीएल मेगा ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर पर 26.75 करोड़ की बोली लगाई थी। जब इतनी बड़ी रकम की बोली लगाई थी, तब ही समझ में आ गया था कि पंजाब किंग्स अय्यर को कप्तानी के तौर पर भी देख रही है।पंजाब किंग्स कप्तानी के मामले में नया इतिहास रचा है। सबसे ज्यादा कप्तान इसी टीम ने बनाए हैं। पंजाब किंग्स की कप्तानी के इतिहास में अब श्रेयस अय्यर का नाम भी जुड़ गया है।

# यमन में गैस स्टेशन पर विस्फोट से लगी भीषण आग



## अब तक 15 लोगों की मौत, 67 घायल

**नई दिल्ली.**

यमन में एक गैस स्टेशन पर हुए विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई. हूती विद्रोहियों के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विस्फोट बायदा प्रांत के जहेर जिले में हुआ. बयान के अनुसार, कम से कम 67 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बचाव दल लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं.

विस्फोट का कारण अभी साफ नहीं हो पाया है. ऑनलाइन प्रसारित फुटेज में भीषण आग दिखाई दे रही है. आग के कारण वाहन जलकर राख हो गए और आसमान में धुएं का गुबार उठता नजर आया. गैस स्टेशन पर विस्फोट ऐसे समय में हुआ है इजराइल और हूती विद्रोहियों के बीच हिंसा जारी है. गाजा में जंग शुरू होने के बाद से हूती विद्रोही इजराइल पर हमला कर रहे हैं. इस कड़ी में हूती लाल सागर में इजराइली जहाजों पर निशाना साध रहे हैं. इस बीच दोनों के बीच तनाव इस हद तक बढ़ गया है कि दोनों एक दूसरे पर सीधे हमला कर रहे हैं.

# औली में जमकर बर्फबारी




**नई दिल्ली.**

औली की हसीन वादियां फिर बर्फ से लकदक हो गई हैं। औली में जमकर बर्फबारी हुई तो यहां पहुंचे पर्यटकों ने बर्फबारी का जमकर लुत्फ उठाया। हालांकि बर्फ से सड़क बंद होने से पर्यटकों को आने जाने में परेशानी भी उठानी पड़ी। चमोली जिले में अपराह्न औली में बर्फबारी शुरू हुई और देर शाम तक बर्फबारी का सिलसिला जारी रहा।

वीकेंड होने के कारण औली में अधिक संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। वहीं ज्योतिर्मठ-औली रोड बर्फ से बंद हो गई है। पर्यटकों के वाहन जगह-जगह फिसल रहे हैं। ऐसे में पर्यटकों ने अपने वाहन नीचे खड़े किए और स्थानीय वाहनों से औली पहुंचे। गाजियाबाद से औली आई सोनिया व खुशी का कहना है कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा।

# 'बीजेपी ने उनके जैसे गद्दारों को घर बैठा दिया है'

**नई दिल्ली.**



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शिरडी में भाजपा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक के दौरान शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर तीखा हमला किया. अमित शाह ने उद्धव पर विश्वासघात का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने उनके जैसे गद्दारों को घर बैठा दिया है. उन्होंने विपक्ष के साथ गठबंधन करने के लिए उद्धव ठाकरे की आलोचना की. साथ ही कहा कि उनकी "वंशवाद और विश्वासघात" की राजनीति को 2024 के विधानसभा चुनावों में महाराष्ट्र की जनता ने निर्णायक रूप से खारिज कर दिया है. अमित शाह ने जोर देकर कहा कि चुनाव परिणामों ने उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी है, और यह सुनिश्चित किया है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में असली शिवसेना विजयी हो. इसके साथ ही अमित शाह ने एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार पर भी निशाना साधा और उन पर 1978 से ही महाराष्ट्र में विश्वासघात की राजनीति शुरू करने का आरोप लगाया. साथ ही कहा कि लोगों ने 2024 के चुनावों में शरद पवार की विरासत को 20 फीट नीचे दफना दिया है. शिरडी में अमित शाह ने कहा कि शरद पवार ने 1978 में महाराष्ट्र में जो राजनीति शुरू की थी, उसे 2024 (चुनाव) में लोगों ने नकार दिया. इसी तरह वंशवाद की राजनीति और उद्धव ठाकरे के विश्वासघात को भी नकार दिया गया. उन्होंने कहा कि लोगों ने 2024 के चुनाव में शरद पवार और उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी. उन दोनों को घर भेज दिया और भाजपा के साथ असली शिवसेना और एनसीपी को विजयी बनाया.

भाजपा कार्यकर्ताओं को राज्य में पार्टी की भारी जीत का असली सूत्रधार बताते हुए अमित शाह ने कहा कि आप पंचायत से संसद तक पार्टी की जीत के सूत्रधार हैं. आपको भाजपा को अजेय बनाना है, ताकि कोई फिर से उसे धोखा देने की हिम्मत न कर सके. उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और बड़ी संख्या में महिलाओं और किसानों को शामिल करने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा. उन्होंने कहा कि शरद पवार ने सीएम का पद संभाला था, कई सहकारी संस्थाओं का नेतृत्व किया था और केंद्रीय कृषि मंत्री भी रहे, लेकिन किसान आत्महत्याओं को नहीं रोक सके. उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही यह (किसानों की आत्महत्याओं को रोकना) कर सकती है.

# गांधी पर टिप्पणी कीतो मीनाक्षी पर मुकदमा दर्ज



**बेंगलुरु.** कर्नाटक में उडुपी टाउन पुलिस ने सांस्कृतिक पहलुओं पर व्याख्यान देने वाली कार्यकर्ता मीनाक्षी सहरावत के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सहरावत ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ बयान दिया था और भारत के लिए महात्मा गांधी के योगदान पर सवाल उठाया था। सहरावत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353 (2) और 353 (3) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन करने वाले उडुपी आदमरू मठ के प्रशासक गोविंदा नागराजू को भी मामले में नामजद किया गया है। सहरावत ने ``बांग्ला से सबक`` विषय पर एक भाषण के दौरान अपनी टिप्पणी में महात्मा गांधी को दी गई 'राष्ट्रपिता' की उपाधि पर सवाल उठाया था। उन्होंने कथित तौर पर दावा किया कि महात्मा गांधी की अहिंसा की वकालत का उद्देश्य हिंदुओं को कमजोर करना था।

# मराठा आरक्षण मुद्दे की उपेक्षा कर रही सरकार?

## मंत्रालय से गायब हुआ शिंदे कमेटी का दफ्तर

**मुंबई.**



मराठा आरक्षण के लिए नियुक्त शिंदे समिति का कार्यालय मंत्रालय से गायब हो गया है। शिंदे समिति का कार्यालय मंत्रालय की सातवीं मंजिल पर था। हालाँकि, अब यह कार्यालय वहां से गायब हो गया है और इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि शिंदे समिति का काम बिना कार्यालय के कैसे होगा। मराठा नेता मनोज जरांगे ने मराठा समुदाय को आरक्षण दिलाने के लिए अनशन किया था.

उनकी भूख हड़ताल के साथ पूरी सरकार पर मराठा समुदाय का अच्छा कब्ज़ा था। मांग की गई कि मराठा समुदाय को ओबीसी आरक्षण दिया जाए और सभी मराठों को ओबीसी सर्टिफिकेट दिया जाए. इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने कुनबी रिकॉर्ड की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश संदीप शिंदे की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की। इस समिति ने एक करोड़ 72 लाख दस्तावेज देखे थे जिनमें से 11 हजार 530 कुनबी अभिलेख मिले।

इसके बाद सरकार ने समिति को और विस्तार दे दिया. इस शिंदे समिति का कामकाज मंत्रालय द्वारा चलाया जा रहा था. इसके बाद चुनाव हुए और कैबिनेट का विस्तार हुआ. कैबिनेट विस्तार के बाद मंत्रियों के लिए हॉल तैयार करने के लिए सातवीं मंजिल पर 720, 721, 722 नंबर के कमरे एनसीपी के अजित पवार गुट के राज्य मंत्री इंद्रनील नाइक और बीजेपी की राज्य मंत्री मेघना बोर्डिकर को दिए गए थे. इसी स्थान पर शिंदे समिति का कार्यालय था।

लेकिन सरकार ने ये काम मंत्रियों को दे दिया है. हालांकि कहा जा रहा है कि नया दफ्तर जल्द ही दिया जाएगा, लेकिन ये दफ्तर कहां दिया जाएगा, मंत्रालय में या बाहर? अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं है. कार्यालय के गायब होने से अब सरकार मराठा आरक्षण के मुद्दे पर गंभीरता से विचार कर रही है.

# चंडीगढ़ में पुलिसकर्मियों से थाने में हाथापाई

**चंडीगढ़.** सेक्टर-26 स्थित काला घोड़ा क्लब के बाहर एएसआई को धक्का देकर भाग रहे एनआरआई को पुलिस पकड़कर थाने ले गई। करीब आधे घंटे तक एनआरआई बिना शर्ट के थाने के बाहर बेसुध पड़ा रहा। उठने के बाद एनआरआई ने पुलिसकर्मियों से हाथापाई की और महिला इंस्पेक्टर से दुर्व्यवहार करते हुए हाथ पकड़ लिया। इंस्पेक्टर सरिता रॉय ने सख्ती दिखाई तो वह पीछे हटा। वहीं एनआरआई ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उसे बेवजह पीटा। एएसआई कुलदीप ने उसके गुप्तांग पर डंडों से हमला किया। पुलिस ने उसका अस्पताल में मेडिकल करवाया।

# स्वघोषित फकीर ने महिला से 8.8 लाख रुपए ठगे



**मुंबई.**

मुंबई से सटे भिवंडी इलाके में इलाज के नाम पर काला जादू करने को लेकर महिला के साथ 8 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी हो गई है। इस ठग ने अंडे में से कील निकालकर महिला को भरोसा दिलाया और कहा कि काला जादू नहीं हटा तो 6 महीने में बेटे की मृत्यु हो जाएगी। प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई से सटे भिवंडी इलाके में 44 साल के स्वघोषित फकीर हज़रत बाबा पर एक महिला से उसके पति और बेटे को काला जादू से ठीक करने के बहाने 8.8 लाख रुपए ठगने का आरोप है। दोनों ही भिवंडी के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी अमजद असद खान उर्फ हजरत बाबा ने महिला को 3 लाख रुपए का लोन भी दिया और उससे ब्याज पर पैसा भी लिया। पुलिस के मुताबिक, धोखाधड़ी अक्टूबर 2023 से लेकर अभी तब चली, जब तक शिकायतकर्ता को धोखाधड़ी का एहसास नहीं हुआ तो महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दरअसल हाईब्लड प्रेशर से पीड़ित अपने पति को ठीक करने के तरीके खोजते हुए पत्नी, इस फकीर बाबा से संपर्क में आई थी।

आरोपी ने कथित तौर पर उससे कहा कि उन्हें बुरी आत्माओं को दूर भगाने के लिए एक शव पर एक विशेष अनुष्ठान करने की आवश्यकता होगी। पुलिस ने कहा कि शव की व्यवस्था करने के बहाने बाबा शिकायतकर्ता को मालेगांव भी ले गया और बाद में भी पीड़ित शिकायतकर्ता को ठगता रहा। फिलहाल भिवंडी पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि आए दिन देश से काले जादू के नाम पर लोगों को मूर्ख बनाने के मामले सामने आते हैं। लोग अंधविश्वास में इतना डूब जाते हैं कि इन ठगों के जाल में फंस जाते हैं और अपना बड़ा नुकसान करा बैठते हैं।

# ताप्ती-गंगा एक्सप्रेस ट्रेन पर जलगांव के पास पथराव



**जलगांव.** महाराष्ट्र के जलगांव रेलवे स्टेशन के पास रविवार रात को ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव किया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, केवल बी6 कोच की खिड़की का एक शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। जलगांव रेलवे पुलिस के अधिकारी ने बताया कि सूरत से छपरा जा रही ताप्ती गंगा एक्सप्रेस में सवार कुछ यात्रियों ने पथराव की सूचना सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए दी। अधिकारी ने बताया कि महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज जा रहे यात्रियों के अनुसार, जलगांव स्टेशन से रवाना होने के दो-तीन किलोमीटर बाद ट्रेन पर पत्थर फेंका गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूरत के उधना से निकले थे यात्री कोच में सफर कर रहे यात्री ने बताया कि वे सूरत के उधना से ट्रेन में बैठे थे। हम लोग प्रयागराज कुंभ में स्नान के लिए निकले थे। ट्रेन जलगांव से करीब तीन किलोमीटर आगे पहुंची कि अचानक तेज आवाज आई। वे लोग डर गए। देखा तो ट्रेन की खिड़की का कांच टूट गया था। कोच पर पत्थर की आई तेज आवाज, कांच पर पत्थर मारे जाने का निशान था। उन्होंने कहा कि किसी असामाजिक तत्व ने यह पत्थर खिड़की पर मारा। उसने कई और पत्थर फेंके जो कोच से टकराकर गिरे। उन लोगों को आवाज सुनाई दी।

# 50 फीसदी से अधिक घट गई व्हेल शार्क की आबादी

**नई दिल्ली.** दुनियाभर में व्हेल शार्क की आबादी 75 वर्षों में 50 फीसदी से अधिक घट गई है, इसलिए उन्हें प्रकृति के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ (आईयूसीएन) रेड-लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में आंका गया है। भारत में इस प्रजाति को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची एक के अंतर्गत सूचीबद्ध किया गया है जो इसे उच्चतम संरक्षण का दर्जा प्रदान करता है। व्हेल शार्क फिल्टर फीडर के रूप में महासागरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्लवक और छोटी मछलियों को खाकर ये समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में मददगार होती हैं और समग्र जैव विविधता में अहम भूमिका निभाती हैं। व्हेल-शार्क दिन में करीब आठ घंटे की अवधि में समुद्र का लगभग 10,000 गैलन पानी पीती हैं।

# युवक का चाइनीज मांझे से कटा गला

**ठाणे.**



ठाणे के भिवंडी के बालासाहेब ठाकरे फ्लाईओवर पर पतंग के मांझे से एक स्कूटी चालक का गला कट गया. युवक को आनन-फानन में नजदीक के प्राइवेट अस्पताल में पहुंचा गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बड़े अस्पताल रेफर किया गया है. स्कूटी सवार युवक काम से घर की तरफ लौट रहा था. इसी दौरान उसका गला मांझे में फंस गया और नीचे गिर गया. इस फ्लाईओवर पर एक हफ्ते में दूसरी बार किसी का गला चाइनीज मांझे से कटा है.

भिवंडी के बालासाहेब ठाकरे फ्लाईओवर से स्कूटी सवार मसूद (24) नाम एक युवक काम से अपने घर जा रहा था. इसी दौरान उसका गला चाइनीज मांझे में फंस गया और वह नीचे गिर गया. फ्लाईओवर से जा रहे अन्य लोगों ने जब युवक को देखा, तो वह पूरी तरह से खून से लथपथ हो गया था. चाइनीज मांझे से मसूद का गल गया था. गंभीर रूप से घायल मसूद को लोग आनन-फानन में नजदीकी प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बड़े अस्पताल रेफर कर दिया. मसूद को ठाणे के ज्यूपिटर अस्पताल में एडमिट कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है. डॉक्टरों का कहना है कि मसूद की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है. इस फ्लाईओवर पर चाइनीज मांझे से गला कटने की यह कोई पहली घटना नहीं है. एक हफ्ते में दूसरी बार चाईनीज मांझे से गला कटा है. पिछले साल भी ऐसे ही हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी. इस घटना पर प्रशासन की लापरवाही से नागरिकों में असंतोष है. इस फ्लाईओवर के आसपास बड़ी संख्या में पतंगें उड़ाई जाती हैं, इसलिए ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं. अगर प्रशासन ने समय रहते सख्त कदम नहीं उठाया तो नागरिकों को डर है कि ऐसी घटनाओं में और भी लोगों की मौत हो सकती है.

आपको बता दें कि मकर संक्रांति के दौरान मुंबई और उसके आसपास के शहरों में बड़ी संख्या में लोग पतंगबाजी करते हैं. ऐसे में इस तरह की तमाम घटनाएं देखने को मिलती हैं. सबसे ज्यादा इसके शिकार पंछी होते हैं.

# खड़गपुर में होस्टल के कमरे में मृत मिला छात्र

**नई दिल्ली.** आईआईटी खड़गपुर में एक छात्र अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाया गया। संस्थान के एक अधिकारी ने बताया कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष के छात्र शॉन मलिक को उसके माता-पिता ने रविवार को कमरे के अंदर फंदे से लटका हुआ पाया। उससे मिलने आए माता-पिता के बार-बार बुलाने पर भी जब छात्र ने कोई जवाब नहीं दिया तो संस्थान के कर्मचारियों को जबरन उसके कमरे का दरवाजा खोलना पड़ा। उन्होंने कहा कि संस्थान छात्र की मौत की आंतरिक जांच करेगा। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाएगा। पुलिस ने भी घटना की जांच शुरू कर दी है।

# इसरो का स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन तीसरी बार टला

**नई दिल्ली.**



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट प्रोजेक्ट अपने लक्ष्य के बिल्कुल करीब पहुंचने के बाद भी मिशन को पूरा नहीं कर पाया। इसरो ने बताया कि दोनों सैटेलाइट्स की दूरी को 15 मीटर से 3 मीटर तक लाने की कोशिश सफल रही, जिसके बाद दोनों सैटेलाइट्स को एक दूसरे से दूर कर दिया गया है। अब डाटा विश्लेषण के बाद डॉकिंग की कोशिश की जाएगी। ये तीसरी कोशिश थी। इससे पहले भी डॉकिंग प्रोसेस को दो बार टालना पड़ गया था। अंतरिक्ष में दो सैटेलाइट्स को आपस में जोड़ने की जटिल प्रक्रिया को स्पेस डॉकिंग कहा जाता है। डॉकिंग की ये तीसरी कोशिश शुरू हुई, जिसके तहत स्लो ड्रिफ्ट तकनीक का इस्तेमाल करते हुए दोनों सैटेलाइट्स के बीच की दूरी महज 15 मीटर लाया गया। उस समय इसरो ने कहा कि दोनों सैटेलाइट्स एक दूसरे से मिलन को तैयार हैं। 9 जनवरी को किए गए प्रयास के तहत जब दोनों सैटेलाइट्स के बीच की दूरी 230 मीटर थी, तभी सैटेलाइट का ड्रिफ्ट यानी भटकाव उम्मीद से ज्यादा हो गया और मिशन को टालना पड़ गया था।

### सैटेलाइट्स की बीच की दूरी 15 मीटर रह गई

❍ जब दोनों सैटेलाइट्स की बीच की दूरी 15 मीटर रह गई, तब पूरा देश ये उम्मीद करने लगा कि इस बार डॉकिंग सफल रहेगी। कुछ देर तक इस पोजीशन पर सैटेलाइट्स को होल्ड किया गया। दोनों सैटेलाइट्स से एक दूसरे की तस्वीरें और वीडियो बनाया गया, जिसके बाद अगले पड़ाव की कोशिश शुरू हो गई। सैटेलाइट्स को 15 से 3 मीटर की दूरी पर लाया गया, तभी कुछ गड़बड़ी हुई और दोनों सैटेलाइट्स को एक दूसरे से सुरक्षित दूरी तक ले जाया गया।

# सर्कुलेट हुआ असली दिखने वाला नकली नोट

**मुंबई.**



मुंबई की भायखला पुलिस ने चार लोगों को फर्जी नोट छापने के मामले में गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 500 रुपये के 200 नकली नोट बरामद किये हैं, जिसकी कुल वैल्यू एक लाख रुपये है. भायखला पुलिस के सीनियर पी चिमाजी अढावा ने बताया कि जानकारी मिली थी कि भायखला इलाके में स्थित एक पान की दुकान पर कुछ लोग नकली नोट की डिलीवरी देने के लिए आने वाले हैं. इसकी जानकारी मिलने के बाद हमने वहां पर ट्रैप लगाया और तीन लोगों को हिरासत में लिया जिसमें से दो लोग नकली नोट की डिलीवरी पान शॉप के मालिक को देने आए थे. डिलीवरी देने के लिए पहुंचे थे पान की दुकान पर, आढावा ने आगे बताया कि उमरान उर्फ आतिफ बलबले और यासिर शेख नकली नोट की डिलीवरी देने के लिए पान शॉप चलाने वाले आरोपी भीम बड़ेला के पास आये थे. इनकी पूछताछ के दौरान चौथे आरोपी की जानकारी मिली जिसके बाद हमने नीरज वखंडे नाम के आरोपी को हिरासत में लिया जिसकी पालघर के वाडा इलाके में प्रॉपर्टी है वहीं पर ये लोग नकली नोट छापने का काम करते थे. प्रिंटिंग मशीन बरामद, पुलिस ने वहां से प्रिंटिंग मशीन,सॉफ्ट पेपर, फेक नोट डिटेक्शन मशीन जब्त की है. पुलिस ने बताया कि वहां से हमें कुछ डिस्कार्ड किए हुए नोट भी मिले इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन आरोपियों ने नोट छापे और फिर उसकी जांच की फिर शायद उसकी क्वालिटी जैसी होनी चाहिए वैसे ना होने पर उसे फाड़ कर फेंक दिया होगा. पुलिस को बताया मार्केट में चला चुके हैं कितने फेक नोट, आढावा ने बताया कि बरामद नोटों की क्वालिटी अच्छी थी जिसे आसानी से पहचानना थोड़ा मुश्किल सा लग रहा है. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इसके पहले उन्होंने 3 बार नकली नोटों की डिलीवरी की है पहली खेप में 40 हजार रुपये फिर 60 हजार रुपये और फिर एक लाख रुपये आरोपी यह चौथी बार एक लाख की डिलीवरी करने जा रहे थे जब उन्हें गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने अब तक 2 लाख रुपये के नकली नोट खर्च कर दिए हैं जो कि मार्केट में सर्कुटल हो चुके हैं. आरोपियों ने यह भी खुलासा किया कि एक लाख रुपये की फर्जी नोट के लिए 50 हजार रुपये असली नोट यह गैंग लेता था. आरोपियों में फर्जी नोट से शॉपिंग भी की है और असली बताकर कई लोगों को असली नोट की गड्डी में मिलाकर दी है. पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है.

# 100 मीटर खाई में गिरी बस

**देहरादून.** उत्तराखंड के पौड़ी जिले के श्रीनगर क्षेत्र में एक बड़ा हादसा हुआ। जहां बस के खाई में गिरने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, इस घटना में 17 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स से मिली दुर्घटना दहलचौरी के पास हुई जहां बस अनियंत्रित होकर सड़क से 100 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। हादसे के समय बस पौड़ी से दहलचौरी जा रही थी और उसमें कुल 22 लोग सवार थे। दुर्घटना में चार व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य ने बाद में दम तोड़ा। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव अभियान में मदद की और घायलों को निकाल कर पौड़ी के जिला अस्पताल पहुंचाया गया।


## जाहीर सुचना

मी **वच्छलाबाई केशव चौधरी** रा कॉ.नं.-५३/५, वॉर्ड नं-०६, मु-चनकापूर, पोस्ट-सिल्लेवारा, तह-सावनेर, चनकापूर, नागपुर, महाराष्ट्र, 441109 माझे पती नामे **केशव गोविंदा चौधरी** यांचे दि. १४/१०/२०१५ ला निधन झाले. त्यांचे नावे असलेली महिंद्रा/बुलेरो/मॅक्सी ट्रक 2WD/ ओपन पिकअप वैन MH40Y9628 इंजिन नं. TAE4D88705, चेसीस नंबर. MA1ZP2TAKE2D66882 आहे. मी श्रीमती वच्छलाबाई केशव चौधरी कायदेशिर वारस असल्याने सदर गाडी माझे नावे हस्तांतरीत करण्यासाठी ग्रामीण नागपूर परिवहन कार्यालय मध्ये पेपर सादर केले आहे. सादर वाहन बाबत जर कोणाचा उजर हक्क असेल तर ही नोटीस प्रसिद्ध झाल्यापासून ७ (सात) दिवसांचे आत ग्रामीण नागपूर परिवहन कार्यालय येथे व खालील पत्यावर संपर्क करावा अन्यथा आपल्या कोणाचीही तक्रार नाही असे गृहीत धरून सदर वाहन माझ्या नावाने हस्तांतर केले जाईल याची नोंद घ्यावी.

**श्रीमती वच्छलाबाई केशव चौधरी**
**रा कॉ.नं.-५३/५, वॉर्ड नं-०६,**
**मु-चनकापूर, पोस्ट-सिल्लेवारा,**
**तह-सावनेर, चनकापूर, नागपुर,**
**महाराष्ट्र, 441109**
**मो. 9405212667**

## जाहीर सुचना

मी **पुष्पा शम्भूदयाल विश्वकर्मा** रा. कॉ. नं.-३१/७ मु.-सदभावना नगर पो.-पाटणसावंगी तह.-सावनेर, पाटणसावंगी, नागपूर, महाराष्ट्र, ४४११११३ माझे पती नामे **शम्भूदयाल सोनीलाल विश्वकर्मा** यांचे दि. १९/०३/२०२० ला निधन झाले. त्यांचे नावे असलेली हुंडई मोटर्स ग्रँड आय-१० स्पोर्ट्स MH40BE4939 इंजिन नं. G4LAHM506950, चेसीस नं. MALA851CLHM676967 आहे. मी श्रीमती पुष्पा शम्भूदयाल विश्वकर्मा आहे. मी श्रीमती वच्छलाबाई केशव चौधरी कायदेशिर वारस असल्याने सदर गाडी माझे नावे हस्तांतरीत करण्यासाठी ग्रामीण नागपूर परिवहन कार्यालय मध्ये पेपर सादर केले आहे. सादर वाहन बाबत जर कोणाचा उजर हक्क असेल तर ही नोटीस प्रसिद्ध झाल्यापासून ७ (सात) दिवसांचे आत ग्रामीण नागपूर परिवहन कार्यालय येथे व खालील पत्यावर संपर्क करावा अन्यथा आपल्या कोणाचीही तक्रार नाही असे गृहीत धरून सदर वाहन माझ्या नावाने हस्तांतर केले जाईल याची नोंद घ्यावी.

**श्रीमती पुष्पा शम्भूदयाल विश्वकर्मा**
**रा कॉ.नं.-३१/७ मु.-सदभावना**
**नगर पो.-पाटणसावंगी तह.-सावनेर,**
**पाटणसावंगी, नागपूर,**
**महाराष्ट्र, ४४११११३**
**मो. 7020031751**

## जाहीर सुचना

मी **श्रीमती ज्योत्सना सुधाकर वाघमारे** रा. प्लॉट नं. १९३, श्रीगणेश अपार्टमेंट, फ्लॅट नं. २०४, बैंक कॉलनी, नारी रोड, नागपूर.
**माझे पती सुधाकर वाघमारे यांचे दि. १५- ११-२०२२ ला निधन झाले.** त्यांचे नावे असलेली मारूती सेलेरो MH49 U 7759, इंजीन नं. K10BN 1908197, चेसीस नं. MA3ETDE1S00262327LF आहे. मी ज्योत्सना सुधाकर वाघमारे कायदेशिर वारस असल्याने सदर गाडी माझे नावे हस्तांतरीत करण्यासाठी उप प्रा. परिवहन कार्यालय नागपूर शहर मध्ये पेपर सादर केले आहे. सदर वाहन बाबत जर कोणाचा उजर हक्क असेल तर ही नोटीस प्रसिध्द झाल्यापासून ७ (सात) दिवसांचे आत उप प्रा. परिवहन कार्यालय नागपूर येथे व खालील पत्त्यावर संपर्क करावा अन्यथा आपल्या कोणचीही तक्रार नाही असे गृहीत धरून सदर वाहन माझ्या नावाने हस्तांतर केले जाईल याची नोंद घ्यावी.

**श्रीमती ज्योत्सना सुधाकर वाघमारे**
**प्लॉट नं. १९३, श्रीगणेश अपार्टमेंट,**
**फ्लॅट नं. २०४, बैंक कॉलनी,**
**नारी रोड, नागपूर**
**मो. 9421717517**